MPHIN/2021/83938



दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 320 | ग्वालियर , 14 सितम्बर गुरुवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## पीएम मोदी का जोरदार स्वागत, एमपी-छत्तीसगढ़ चुनाव पर बीजेपी सीआसी की बैठक खत्म

20 शिखर सम्मेलन के बाद पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीजेपी मुख्यालय पहुंचे. पार्टी मुख्यालय के बाहर मौजूद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने फूलों



से उनका भव्य स्वागत किया है. बैंड बाजा और मोदी-मोदी के नारों से पूरा पार्टी दफ्तर गूंज उठाया. पीएम नरेंद्र मोदी बीजेपी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में शामिल होने के लिए आए हैं. मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर यह बैठक भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में हुई. दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक की गई है. इस मीटिंग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, नरेंद्र सिंह तोमर, बीडी शर्मा समेत ष्टश्वष्ट सदस्य मौजूद हैं. भाजपा सीईसी की बैठक में मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के उम्मीदवारों को लेकर फाइनल मुहर लग सकती है. साथ ही छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तार से चर्चा होगी. आपको बता दें कि इस साल के अंत तक देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं. मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिरोजम में विधानसभा चुनाव है. भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में मध्य प्रदेश और छत्तीगढ़ चुनाव पर चर्चा होगी. बताया जा रहा है कि इस मीटिंग में दोनों राज्यों के उम्मीदवारों के नामों की लिस्ट पर फाइनल मुहर लग सकती है. साथ ही विधानसभा चुनाव पर अगली रणनीति को लेकर विस्तार से चर्चा हो सकती है.

## सीएम अरविंद केजरीवाल ने वन नेशन, वन एजुकेशन का दिया नारा, जानें दूसरा वादा क्या किया

**चंडीगढ।**पंजाब दौरे पर पहुंचे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को छेहरटा में स्कूल ऑफ एमिनेंस का उद्घाटन किया है. इस दौरान सीएम केजरीवाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज की रैली में 1.5 लाख से ज्यादा लोग पहुंचे हैं. इन लोगों को पैसे देकर नहीं लाया गया. किसी को कोई प्रोलोभन नहीं दिया गया. मैं आज जिस सरकारी स्कूल का उद्घाटन करने आया हूं, इस स्कूल जैसा कोई प्राइवेट स्कूल भी नहीं है. सीएम अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि पहले जो सरकारी स्कूल थे, उनमें कोई इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं था. टॉयलेट्स नही थें, बेंच नहीं थी और न ही स्कूल की चारदीवारी थी. लेकिन अब सरकारी स्कूलों की सूरत बदल गई है. आज स्कूल के खुलने के बाद अब सरकारी



स्कूल में पढ़ाने के लिए बच्चों की भीड़ गई गई है. माता-पिता अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल से निकालकर सरकारी स्कूल में पढ़ाने के लिए एडमिशन करवा रहे हैं.मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि हमने चुनावों में गारंटी दी थी कि पंजाब के हर बच्चों को बेहतर पढ़ाई मिले. हमने आज से हर गरीब के बच्चों के सपनों को पंख दे दिए. 117 स्कूलों में सिर्फ 8200 सीट्स हैं, लेकिन अब तक 1 लाख से ज्यादा बच्चों ने एडमिशन के लिए आवेदन किया है. मैं अब दूसरा वादा कर रहा हूं कि आज से पंजाब के सभी 20,000 सरकारी स्कूलों की दशा सुधारी जाएगी. उनमें प्रॉपर बेंच, साफ टॉयलेट, सिक्योरिटी गार्ड और इंटरनेट समेत हर तरह की सुविधाएं मिलेंगी. सीएम अरविंद केजरीवाल ने वन नेशन, वन एजुकेशन का नारा दिया है. उन्होंने वन नेशन, वन इलेक्शन को लेकर कहा कि इसका समर्थन बिल्कुल न किया जाए. 4.5 साल नेता घूमेंगे और आखिरी 6 महीने झूठे सपने दिखाकर वोट मांगेंगे.

## मोदी सरकार ने संसद के विशेष सत्र से एक दिन पहले बुलाई सर्वदलीय बैठक, जानें क्या है वजह

**नई दिल्ली।**मोदी सरकार द्वारा बुलाए गए संसद के विशेष सत्र को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है. केंद्र सरकार ने संसद के विशेष सत्र से एक दिन पहले यानी 17 सितंबर को शाम 4.30 बजे सर्वदलीय फ्लोर लीडर्स की बैठक बुलाई. इसे लेकर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने ट्वीट कर जानकारी दी है. बताया जा रहा है कि सर्वदलीय बैठक के लिए सभी दलों के नेताओं को न्योता दिया गया है. आपको बता दें कि जी-20 शिखर सम्मेलन के ही केंद्र की मोदी सरकार ने संसद सत्र का विशेष सत्र बुलाया है. यह सत्र 18 सितंबर से 22 सितंबर तक चलेगा. इसे लेकर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बुधवार को ट्वीट कर



कहा कि इस महीने की 18 तारीख से संसद के विशेष सत्र से ठीक एक पहले 17 सितंबर को सर्वदलीय फ्लोर लीडर्स की बैठक बुलाई गई है. साथ ही सर्वदलीय बैठक से संबंधित नेताओं को ईमेल के माध्यम से निमंत्रण भी भेजा गया है. इस सर्वदलीय बैठक में संसद के विशेष सत्र में क्या एजेंडा होगा, इसे लेकर चर्चा होगी? मोदी सरकार के 9 वर्षों के कार्यकाल में अब पहली बार संसद का विशेष सत्र बुलाया गया है. वन नेशन, वन इलेक्शन, महिला आरक्षण समेत कई महत्वपूर्ण बिल पेश हो सकते हैं. मोदी सरकार ने वन नेशन, वन इलेक्शन को लेकर एक कमेठी गठित कर दी है. पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 7 सदस्य कमेटी में बनाए गए हैं.

## चीन में तूफानी तबाही! प्लेन.. ट्रेन.. कैंसिल, रेड़ आलर्ट जारी

**नई दिल्ली।**चीन में खतरे की घंटी! भयानक तूफान स्ड्ड्यश्वड्ड चीन में तबाही मचा सकता है, इसे देखते हुए पूरे देश में रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है. करीब 200 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा साओला, हांगकांग और गुआंग्डोंग जैसे इलाकों को अपनी चपेट में ले सकता है. फिलहाल दक्षिणपूर्वी तट से शुरू हुई ये तबाही, इन इलाकों से करीब 300 किलोमीटर की दूरी पर है, जो लगातार रौद्र रूप ले रहा है. आज यानि 1 सितंबर को इस खतरनाक तूफान के तटीय इलाकों से टकराने का अनुमान है...चीन का राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र, लगातार इसपर पैनी नजर बनाए हुए है. तूफाना से होने वाली तबाही के मद्देनजर देश के हर हिस्से में चेतावनी जारी कर दी गई है. फिलहाल दक्षिण-पूर्व में स्थित गुआंग्डोंग प्रांत से इसकी दूरी करीब 300 किलोमीटर से ज्यादा होने का अनुमान है. हालांकि ये लगातार आगे बढ़ रहा है, जिससे तबाही का खौफ बरकरार है.

**रफ्तार पकड़ रही तबाही**-बता दें कि चीनी मौसम केंद्र का अनुमान है कि आज यानि 1




सितंबर के करीब, ये खतरनाक तूफान देश के तटीय इलाके, हुइलाई काउंटी से हांगकांग तक टकरा सकता है. बीते गुरुवार दोपहर करीब इसकी हवा की रफ्तार 209 किलोमीटर प्रति घंटे दर्ज की गई थी, जो तट से टकराने के बाद और भी बढ़ जाएगी. ये मंजर चीन के लोगों के लिए बहुत डरावना होने वाला है. वहीं तबाही भरे इस तूफान का असर अब चीन के बाजार, तमाम दुकानों और यहां तक की ट्रेन और हवाई उड़ानों पर भी पड़ा है. साओला की खबर सुनते ही चीनी लोग डरे हुए हैं, ऊपर से जारी रेड अलर्ट ने उन्हें ज्यादा परेशान कर दिया है. हांगकांग में तूफान के मद्देनजर शहर के व्यवसाय, स्कूल यहां तक कि स्टॉक एक्सचेंज पर भी ताला लटका दिया जाएगा.

**उमड़ा लोगों का हुजूम** -इस खबर के बाद चीनी बाजारों में लोगों का हुजूम नजर आने लगा है. बेताहाशा भीड़ खाद्य सामाग्री खरीदने के लिए उमड़ी पड़ी है. तूफान के भयानक मंजर को देखते हुए लोग पहले से तैयारी कर रहे हैं. वहीं साओला ने ट्रेन और हवाई उड़ानों पर भी बुरा असर डाला है. फिलहाल तूफान के चक्कर में सभी उड़ाने रद कर दी गई हैं. साथ ही कई प्रमुख रेल लाइनों पर ट्रेनों को निलंबित कर दिया है.

## G20 को लेकर पाकिस्तानियों ने अपनी सरकार पर निकाली भड़ास, बोले- ये शर्मिंदगी की बात है

**नई दिल्ली।**पूरे विश्व में भारत की अध्यक्षता में हुए जी-20 शिखर सम्मेलन की चर्चा हो रही है. अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, यूके के पीएम ऋषि सुनक समेत जी-20 के सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्ष भारत में आए. मेहमान देशों के तौर पर बांग्लादेश सहित 9 देशों को भी बुलाया गया था. जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत ने पाकिस्तान को नहीं बुलाया था, जिस पर पाक के लोगों ने अपनी ही सरकार पर जमकर निशाना साधा है. पाकिस्तान के रियल इंटरटेनमेंट टीवी यूट्यूब चैनल में अपलोड एक वीडियो में पाकिस्तानियों द्वारा अपनी सरकार को खूब खरीखोटी सुनाते नजर आ रहे हैं. जब यूट्यूब के एंकर ने एक व्यक्ति से पूछा कि भारत में जी-20 समिट का आयोजन हो रहा है, जिसमें कई बड़े बड़े देशों ने शिरकत की और बांग्लादेश को भी बुलाया गया. पाकिस्तान और पाक के लोग इसे किस नजरिये से देख रहे हैं. इसके जवाब में उस पाकिस्तानी व्यक्ति ने कहा कि हमारे देश के हालात ऐसे नहीं हैं कि हमें बुलाएं. सबसे पहले पाकिस्तान को अमेरिका के चंगुल से बाहर निकलकर मुस्लिम कंट्री के सर्कल में जाना चाहिए. तब जाकर हमारे देश




के हालात में सुधार होगा. पहले भी अंग्रजों ने हमारा इस्तेमाल किया और अब भी कर रहे हैं. एक अन्य पाकिस्तानी शख्स ने कहा कि दुनिया में पाकिस्तानियों के नेताओं की कोई इज्जत और सम्मान नहीं है. दुनिया को पता है कि पाक में सब चोर-डाकू ही बैठे हैं तो उनको बुलाने की क्या आवश्यकता है. पाकिस्तान से बांग्लादेश आजाद हुआ है, लेकिन पाक को नहीं बुलाया गया, बांग्लादेश को बुलाया गया, क्योंकि वहां के नेता सही हैं. एक अन्य व्यक्ति ने अपनी भड़ास निकालते हुए कहा कि भारतीय भी कहते हैं कि आपका देश चोर-डाकू के हाथों में है. अगर पाकिस्तान के ऐसे ही हालात रहे तो ये देश कभी तरक्की नहीं कर पाएगा. मुल्क हमेशा पीछे ही रहेगा. दुनिया में पाकिस्तानियों की कोई कदर नहीं है. एक अन्य पाकिस्तानी ने कहा कि पाकिस्तान को गलती से आजाद हुए 75 वर्ष हो गए हैं. जिन लोगों ने विभाजन का विरोध किया था वो लोग सही थे. बंटवारा नहीं होना चाहिए थे. एक और व्यक्ति ने कहा कि ये बेहद की शर्मिंदगी की बात है कि परमाणु शक्ति न होने के बाद बांग्लादेश को बुलाया गया, लेकिन पाकिस्तान को नहीं बुलाया गया.

## ईडी अधिकारियों की अभिषेक बनर्जी से पूछताछ जारी



कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी बुधवार को पश्चिम बंगाल में स्कूल नौकरी से जुड़े कथित करोड़ों के घोटाले की जांच के संबंध में पूछताछ के लिए ईडी दफ्तर में पेश हुए। जहां ईडी अधिकारी उनसे पिछले नौ घंटे से पूछताछ कर रहे हैं।टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी पूछताछ के लिए सुबह 11.32 बजे ईडी के कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके में स्थित साल्ट लेक दफ्तर पहुंचे। ईडी के अधिकारी अब तक अभिषेक बनर्जी से पूछताछ पर कायम हैं। इससे पहले ईडी के एक विशेष अधिकारी भी बनर्जी से पूछताछ के लिए पश्चिम बंगाल पहुंचे थे।ईडी ने मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष की एकल-न्यायाधीश पीठ को मौखिक आश्वासन दिया था कि स्कूल नौकरी मामले में केंद्रीय एजेंसी की जांच से उनका नाम हटाने की याचिका पर अंतिम फैसला आने तक अभिषेक बनर्जी के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी।
मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मामले में अंतिम सुनवाई 19 सितंबर को होनी है। जब यह रिपोर्ट दाखिल की गई तब भी पूछताछ जारी थी।

## भोपाल से होगा भारत गठबंधन रैली का आगाज, समन्वय समिति की बैठक में सीट शेयरिंग पर ये निकला फॉर्मूला

**नई दिल्ली।**समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई. एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार के आवास पर बुधवार को समन्वय समिति की पहली मीटिंग हुई है. आईएनडीआईए गठबंधन का टारगेट लोकसभा चुनाव से पहले विधानसभा चुनाव है. आईएनडीआईए अलायंस की पहली संयुक्त रैली मध्य प्रदेश के भोपाल में होगी, इसे लेकर बैठक में फैसला लिया गया है. गठबंधन समन्वय समिति की बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि कमेटी ने देश के अलग-अलग हिस्सों में संयुक्त सार्वजनिक रैली करने का फैसला किया है. पहली संयुक्त सार्वजनिक रैली अक्टूबर के पहले सप्ताह में महंगाई, बेरोजगारी और भाजपा सरकार द्वारा भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भोपाल में होगी. समन्वय समिति ने सीटों का बंटवारा तय करने की प्रक्रिया शुरू करने का फैसला किया है. यह निर्णय लिया गया कि सदस्य दल बातचीत करेंगे और जल्द से जल्द निर्णय लेंगे.

**जानें राघव चड्ढा ने क्या कहा**-गठबंधन की समन्वय समिति की बैठक के बाद आम आदमी पार्टी (क्क) के सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि तमाम पार्टियां जल्द से जल्द सीट शेयरिंग करने पर फैसला लेंगी. अक्टूबर के पहले हफ्ते में भोपाल में संयुक्त पब्लिक रैली की जाएगी. कास्ट



सेंस को उठाया जाएगा.

**जानें हेमंत सोरेन ने क्या कहा**-झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ढ्ढहृष्ठढ्ढ गठबंधन की समन्वय समिति की बैठक के बाद कहा कि बैठक में आज जो भी चर्चा हुई उसे केसी वेणुगोपाल ने आपके सामने रखा है. सारे घटनाक्रम पर नजर रखते हुए अलायंस अपनी रणनीति पर काम कर रही है.जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मैंने यह बात रखी है किठबंधन के दलों के पास जो सीटें (लोकसभा) पहले से ही हैं, उन पर चर्चा नहीं की जानी चाहिए जब तक जिस पार्टी के पास सीट है, वह उसे छोड़ना न चाहे. भाजपा, एनडीए और गठबंधन के बाहर के दलों के पास जो (लोकसभा) सीटें हैं, उनके बंटवारे पर चर्चा करनी चाहिए. गठबंधन की समन्वय समिति की बैठक के बाद प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा कि मध्य प्रदेश में बड़े-बड़े घपले हुए हैं, बेरोजगारी, महंगाई के मुद्दें पर चर्चा हुई ह्लै गठबंधन समन्वय समिति की बैठक के बाद समाजवादी पार्टी के नेता जावेद अली खान का कहना है कि सीटों के बंटवारे को जल्द अंजाम दिया जाएगा. भोपाल में अक्टूबर के पहले सप्ताह में एक बड़ी रैली की जाएगी. जातीय जनगणना के मुद्दे को सभी मौजूद सदस्यों ने जोर-शोर से उठाने की बात कही है.

### हरियाणा टीम नें जीता गजानन माता राष्ट्रीय बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का ख़िताब

# अनिल जैन विधायक निवाड़ी नें खिलाड़िओ को किया पुरस्कृत





**संवादाता हरिओम परिहार की रिपोर्ट**
फिजिकल एजुकेशन सोशल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित गजानन माता राष्ट्रीय बालिका कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन महाराजा खेतसिंह खंगार क्षत्रिय जूदेव कि कर्मभूमि गड़कुंडार मेला ग्राउंड मे दिनांक 09/10/11सितम्बर को निवाड़ी मध्य प्रदेश मे आयोजन हुआ जिसमे हरियाणा,महाराष्ट्र,दिल्ली, विहार, राजस्थान,पंजाब सहित 16 प्रदेशो नें भाग लिया.जिसका समापन 11सितम्बर 2023 को हुआ इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि अनिल जैन विधायक निवाड़ी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश खंगार राष्ट्रीय अध्यक्ष खंगार क्षत्रिय समाज नें की। सर्वप्रथम अनिल जैन एवं विशिष्ट अतिथिओ द्वारा दीप प्रज्वजन एवम माँ गजानन, खेतसिंह जूदेव, केसर देई के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. कार्यक्रम की शुरुआत मध्य प्रदेश का राष्ट्रीय खेल मल्लखम की शानदार प्रस्तुति बच्चों द्वारा दी गयी जिसने सभी दर्शकों का मन मोह लिया, इसके बाद विधिवत तरीके से कबड्डी ग्राउंड की हनुमान चालीसा के साथ ग्राउंड पूजन किया गया इसके बाद मैच खेले गए ड़ाइनल मैच हरियाणा और मुजफ्फरनगर के मध्य खेला गया जिसमे हरियाणा नें 30-19अंक से मुजफ्फरनगर को हरा कर ड़िताब पर कब्ड़ा कर लिया वही उपविजेता पर मुजफ्फरनगर नें कब्ड़ा किया, तृतीय स्थान पर मेरठ और चतुर्थ स्थान पर महाराष्ट्र टीम नें कब्ड़ा किया। ड़ाइनल मैच का रोमांच इस कदर था की वारिश भी दर्शकों को हिला ना सकी और लगभग 5 हजार लोगो नें वारिश मे ड़ाइनल मैच का रोमांच बरकरार रखा.अनिल जैन विद्यायक निवाड़ी नें अपने उद्बोधन मे कहा की ये राष्ट्रीय प्रतियोगिता का ग्रामीण स्तर पर होना माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के सपने को साकार करनें मे अहम् भूमिका अदा करती है प्रधानमंत्री जी द्वारा बालिकाओं को प्रोत्साहित करने के लिए ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए जिससे बालिकाओं को प्रोत्साहन मिलेगा एवम खिलाड़िओ की प्रतिभाओ को खेलने का मौका मिलेगा, विधायक अनिल जैन नें रमेश खंगार राष्ट्रीय अध्यक्ष की तारीफ करते हुए कहा की निवाड़ी जिले मे पहली बार ऐसी भव्य राष्ट्रीय बालिका कबड्डी का आयोजन देखा जिसके लिए आयोजक सचिव रिंकू परिहार को भी धन्यवाद दिया इस कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि के तौर पर डॉ नंदकिशोर नपित पूर्व जिलाध्यक्ष बीजेपी गुलाब अहिरबार चेयरमैन निवाड़ी दिनेश दुबे मण्डल अध्यक्ष डॉ रोहित पाण्डेय उप्र बॉक्सिंग कोषाध्यक्ष ब्रजेन्द्र यादव, नितिन परिहार सभासद झाँसी,हाकिम सिंह संजू खंगार, ठाकुर महेंद्र सिंह खंगार हाकिम सिंह ब्रजलाल परिहार सरपंच विनवारा अमित परिहार पूरन परिहार देव व्रत अडजरिया रहे, विशिष्ट अतिथि नन्द किशोर नपित नें अपने उद्बोधन मे इस आयोजन पर आयोजन समिति सहयोगियों की जमकर तारीफ की उन्होंने कहा ऐसे भव्य कार्यक्रम सभी के सहयोग से ही हो सकते है समस्त क्षत्रिय खंगार समाज का आभार जो ऐसे कार्यक्रम को कराया आयोजन समिति अध्यक्ष रमेश खंगार नें अपने उद्बोधन मे कहा की मेरी सोच गड़ कुंडार और निवाड़ी जिले की प्रतिभाओ को आगे लाना है खासकर बालिकाओं को निवाड़ी जिला मे प्रतिभाओ की कमी नहीं है जिसकी तराशने का कार्य किया जाएगा रमेश खंगार नें एक अनिल जैन को ज्ञापन देकर अवगत करता की समस्त खंगार समाज आपके साथ हमेसा रही है खिलाड़िओ को गड़ कुंडार पहुंचने के मार्ग को ढूड़ने मे काड़ी दिक्कत आयी मे नहीं चाहता ये दिक्कत आगे आये इसलिए निवाड़ी जिले के मुडारा पर महाराजा खेतसिंह खंगार प्रवेश द्वार बनाये जाने हेतू ज्ञापन दिया जिस को विधायक नें स्वीकार किया इस मोके पर घनश्याम मेघसिंह मजबूत सिंह,झाँसी टीम,गुना टीम, बाँदा टीम, एवं समस्त फिजिकल एजुकेशन सोशल वेलफेयर फाउंडेशन टीम ठाकुरदास, धर्मेंद्रदेवेंद्र, आकाश कृष्णा विकाश, अभिषेक स्वेता शिवानी उपस्थित रही. निर्णायक भूमिका मे बदरिप्रसाद सेन, जयराम प्रसाद सेन योगेंद्र पाल वीरेंद्र सिंह अरविन्द सिंह फखरुद्दीन हरिशंकर देवेंद्र राठौर स्वेता शिवानी कार्यक्रम मे मंच संचालन महेश परिहार एवं कमेंटटर विकाश सिंह प्रदीप यादव रहे।आभार व्यक्त फाउंडेशन सचिव रिंकू परिहार किया।

# महिला के साथ अश्लील वडियो बनाकर व मारपीट कर फरियादी से 25 हजार लेने के मामले मे शिवपुरी पुलिस का एक्शन

### पुलिस थाना कोलारस द्वारा घटना को कारित करने बाले चारों आरोपियों को किया गिरफ्तार

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

फरियादी दौलत रावत पुत्र नारायण रावत निवासी शिव शक्ति गार्डन के पास कोलारस ने दिनांक 09.09.23 को एक लेखीय आवेदन देकर रिपोर्ट किया कि दिनांक 04.09.23 के शाम करीब 6 बजे तीन अज्ञात व्यक्ति व एक अज्ञात महिला द्वारा मुझे बाकंडे मंदिर के पास जंगल में ले जाकर मेरा महिला के साथ अश्लील वीडियो बनाया तथा मेरी मारपीट की और मेरा वीडियो वायरल करने तथा जान से मारने की धमकी देकर मुझसे ड़25000 लिए इसके बाद फरियादी द्वारा थाना कोलारस पर आकर रिपोर्ट की ।उक्त रिपोर्ट पर से थाना कोलारस पर अपराध क्रमांक 305/23 धारा 347, 389, 506, 34 भादवि का पंजीबद्ध किया प्रकरण के अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी द्वारा 10000 रूपये का इनाम घोषित किया । प्रकरण के अज्ञात आरोपीगण 1. जितेंद्र उर्फ जीतू रावत पुत्र नारायण रावत उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम हुसैनपुर थाना बैराड़ 2. आरोपीय उमा भारती उर्फ आरती लोधी पत्नी शंभू लोधी निवासी ग्राम थाटी गांव थाना इंदार 3. अजय खंगार पुत्र नवल सिंह खंगार निवासी ग्राम भाव खेड़ी थाना सिरसौद 4. नीलम परिहार पुत्र तोरण सिंह परिहार निवासी




ग्राम भाव खेड़ी थाना सिरसौद को प्रकरण पंजीबद्ध होने के 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया गया है । समस्त घटना फरियादी दौलत रावत के दामाद जितेंद्र उर्फ जीतू रावत निवासी ग्राम हुसैनपुर थाना बैराड़ द्वारा अपने दोस्तों अजय परिहार नीलम परिहार बंटी यादव व महिला मित्र उमा भारती लोधी के साथ मिलकर अपने ससुर दौलत रावत से पुराना बदला लेने के लिए घटित की सभी आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह मावई थाना कोलारस, उप निरीक्षक भावना राठौड़, सहायक उप निरीक्षक राम सिंह भिलाला, प्रधान आरक्षक 776 नीतू सिंह, आरक्षक 291 राहुल परिहार व आरक्षक आलोक व्यास की सराहनीय भूमिका रही।

# थाना दिनारा पुलिस द्वारा 09 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी आरोपी को किया गिरफ्तार व आरोपी को न्यायालय पेश किया

हरिओम चतुर्वेदी
ब्यूरो चीफ

**दिनारा,।** पुलिस अधीक्षक शिवपुरी रघुवंश भदोरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनुराग करेरा द्वारा चलाएं जा रहे अस्थाई एवं गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड़ हेतु अभियान के पालन में दिनांक 13/09/2023 को दौराने अस्थाई वारंटी तलाश दिगर इलाका दतिया मुखबर द्वारा सूचना पर से थाना दिनारा जिला शिवपुरी न्यायालय करेरा के पृ.कृ. 401422/15 एवं प्रकरण क्रमांक 400067/15 का फरार अस्थाई वारंटी रामनरेश उर्फ मिच्चू रावत पुत्र हरनाम सिंह रावत उम्र 28 साल निवासी ग्राम छिरेटा जनोरी थाना जिगना जिला दतिया मध्य प्रदेश का ग्राम छीरेटा मे है मुखबर की सूचना की तस्दीक हेतु हमराह फोर्स रवाना होकर ग्राम छीरेटा जनोरी थाना जिगना जिला दतिया मध्य प्रदेश मय वाहन के पहुंचे 09 वर्ष से फरार अस्थाई वारंटी की तलाश की ग्राम छैरेटा निवास पर मिला स्थाई वारंटी रामनरेश उर्फ मिचु रावत पुत्र हरनाम सिंह रावत उम्र 28 साल निवासी ग्राम छीरेटा थाना जिगना जिला दतिया को स्थाई वारंट में 09 वर्ष से फरार होने से विधिवत गिरफ्तार किया गया व अस्थाई वारंटी को माननीय न्यायालय करेरा पेश किया जा रहा है
उक्त स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किए जाने में थाना प्रभारी दिनारा संतोष भार्गव, विनोद गौतम, विवेक भट्ट, हिमांशु चतुर्वेदी, दीपक, उपाध्याय सोनू साहू की सराहनीय भूमिका रही है



### शिवपुरी पुलिस की अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही लगातार जारी

# पुलिस थाना सीहोर द्वारा अवैध हाथ भट्टी की कच्ची देशी शराब 200 लीटर मय दो मोटरसाईकिल कुल कीमती 130000 रूपये की जप्त कर दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह के निर्देशन एवं अति. पु.अधी. शिवपुरी श्री संजीव मूले, एसडीओपी श्री शिवनारायण मुकाती के मार्गदर्शन मे दिनांक 12.09.23 को पुलिस थाना सीहोर पर मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति अलग ङ्क अलग मोटरसाईकिलों मे प्रत्येक मोटरसाईकिल पर दो ङ्क दो प्लास्टिक की केनो मे हाथ भट्टी की कच्ची शराब बेचने के लिये कही ले जा रहे हैं । उक्त सूचना की तस्दीक हेतु थाना प्रभारी सीहोर मय फोर्स के ग्राम करनगढ नहर की पुलिया के पास पहुचकर मय फोर्स के नहर की आड से छिपकर दोनो मोटरसाईकिलो के चालको के आने का इंतजार करने लगे तभी कुछ देर बाद दो मोटरसाईकिल चालक जिनकी मोटरसाईकिल मे पीछे दोनो तरफ दो ङ्क दो प्लास्टिक की केने बंधी हुई थी जैसे ही करनगढ की पुलिया के पास आये उन्हे हमराही फोर्स की मदद से रोका तो दोनो व्यक्ति प्लास्टिक की केने मोटरसाईकिल पर लेकर भागने लगे जिसे हमराही फोर्स की मदद से घेरकर पकडा उक्त दोनो व्यक्तियो से नाम व पता पूछा तो स्पलेंडर गाडी क्र. स्ख्क्र07 ह्क्र3539 के चालक ने अपना नाम संतोष पुत्र हरविलास कंजर उम्र 45 साल निवासी ग्राम कैरूआ थाना भितरवार का होना बताया तथा दूसरे व्यक्ति टीव्हीएस क्र. स्ख्क्र33 स्र 0727 के चालक ने अपना नाम नरेन्द्र पुत्र बलवीर कंजर उम्र 24 साल निवासी ग्राम वार्ड न. 15 पिछोर का होना बताया दोनो व्यक्तियो से मोटरसाईकिल के ऊपर बंधी 50 ङ्क 50 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब कुल 200 लीटर कीमती 30000 रूपये व दो मोटरसाईकिल कीमती एक लाख रूपये कुल कीमती 130000 रूपये जप्त किये ।
**निम्न कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका** -उनि. सुनील राजपूत थाना प्रभारी सीहोर ,प्रआर 464 शमशेर सिह , प्रआर 821 बेताल सिह , आर 625 दीपक मौर्य , आर 1114 रंजोर रावत आर चा. 213 जीतेन्द्र गुर्जर की सराहनीय भूमिका रही ।



# आगामी चुनावों के मद्देनजर शिवपुरी पुलिस की अवैध हथियार रखने बालों पर कार्यवाही

### पुलिस थाना सुभाषपुरा द्वारा 03 आरोपियों के मंसूबो को नाकाम करते हुये मय हथियारो व वाहन के किया गिरफ्तार

**संवादाता हरिओम परिहार**
**शिवपुरी**





पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री संजीव मुले, एसडीओपी शिवपुरी श्री अजय भार्गव के मार्गदर्शन मे आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए निर्देश दिए गये थे कि अवैध हथियारो को रखने वाले व्यक्तियो के खिलाफ कार्यवाही की जावे जिसके पालन मे दिनांक 12.09.2023 को थाना सुभाषपुरा पुलिस द्वारा आरोपी गुलरेज पुत्र मकसुद्दीन पटेल उम्र 36 साल निवासी काजी पलासिया थाना खूडेल जिला इंदौर, मोहम्मद शैफान पुत्र मोहम्मद सलीम उम्र 23 साल निवासी महू खान कालोनी गुलाब नगर गेट नम्बर 02 थाना मऊ जिला इंदौर तथा माजिद पुत्र शादिक उम्र 23 साल निवासी काजी पलासिया थाना खूडैल जिला इंदोर से एक 315 बोर का कट्टा, 05 जिंदा कारतूस 315 बोर के कीमती 10000 रुपये , एक पुरानी पिस्टल व 04 जिन्दा कारतूस कीमती 15000 रुपये, एक टाटा सफारी क्रमांक एमपी 09 सीयू 3885 कुल कीमती 1050000, कुल रुपये 150000(एक लाख पचास हजार) नगद, सम्पूर्ण मसरूका कुल कीमती 1225000 (बारह लाख पच्चीस हजार) जप्त कर अप. क्रं. 139/23 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट कायम किया गया, उक्त कार्यवाही मे थानाप्रभारी सुभाषपुरा उनि कुसुम गोयल, सउनि परमाल सिंह,प्रआर0 456 हरी सिंह, आर0 463 संजय जाट,आर. 619 पवन कुमार, आर0 39 काले खान, आर0 598 अर्जुन सिंह,आर0 274 धर्मेन्द्र शर्मा, आर1012 हरेन्द्र तोमर, आर 104 रवि कुशवाह की अहम भूमिका रही ।

# सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम की कार्ययोजना के संबंध में बैठक आयोजित

**राकेश परिहार पिछोर**

**शिवपुरी, ।** कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी के निर्देशों के पालन में नेशनल हाई-वे पर तहसील शिवपुरी अंतर्गत खूबत घाटी के आस-पास एवं अन्य स्थानों पर आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम की कार्ययोजना के संबंध में आज अनुविभागीय दण्डाधिकारी अनुभाग शिवपुरी अनूप श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में एन.एच.ए.आई. के पदाधिकारी एवं ठेकेदार, नायब तहसीलदार वृत्त सतनवाड़ा, बी.एम.ओ. सतनवाडा, थाना प्रभारी थाना सतनवाड़ा व यातायात प्रभारी उपस्थित रहे।बैठक में नेशनल हाई-वे पर खुबत घाटी के आस-पास एवं अन्य स्थानों पर आए दिन हो रही सडक दुर्घटनाओं की रोकथाम के संबंध में एन.एच.ए.आई. के पदाधिकारी एवं ठेकेदार को सख्त निर्देश दिए गए। साथ ही एक साइड का आवागमन बंद किये जाने पर प्रशासन,पुलिस विभाग को समुचित समय पूर्व अवगत करायेंगे। दुर्घटनाओं के संबंध में अतिरिक्त सुरक्षा उपायोंके लिए आवश्यक प्रयास शीघ्र करायेंगे। जिसका संयुक्त निरीक्षण प्रशासन पुलिस, एन.एच.ए.आई. की टीम द्वारा आगामी समय में किया जायेगा।



# एक आरोपी के कब्जे से 28 लीटर अवैध कच्ची शराब कीमती 2800 रु. जप्त एवं 2200 लीटर लाहन नष्ट कीमती करीबन 40000 रु.

**राकेश परिहार पिछोर**

**पिछोर** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह भदौरिया एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री संजीव मुले के निर्देशन में एवं श्रीमान एसडीओपी महोदय पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में आगामी विधान सभा चुनाव को देखते हुए श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय व्दारा अवैध शराब माफियाओं पर कार्यवाही हेतु दिये गये निर्देशो के पालन में आज दिनाँक 13/09/23 को दौराने ईलाका भ्रमण मुखबिर सूचना मिली कि ग्राम सालौरा में एक व्यक्ति सुनरिया वाला खेत इमली के पेड़ के पास अवैध रुप से कच्ची शराब लिये बेचने के लिये कहीं ले जाने की फिराक मे खड़ा है सूचना पर से थाना पिछोर पुलिस टीम ग्राम सालौरा मौके पर पहुची तो मुखबिर व्दारा बताये हुए हुलिये का व्यक्ति दिखा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा जिसने अपना नाम विश्वनाथ प्रताप सिहं पुत्र जगदीश सिंह चौहान उम्र 30 साल निवासी ग्राम सौलारा का बताया जिसके कब्जे से दो प्लास्टिक की कट्टी में करीब 14-14 लीटर कुल 28 लीटर हाथ भट्टी की अवैध शराब कमती करीब 2800 रु. की जप्त की गई तथा मौके पर से ड्रमों में भरी हुए लाहन करीब 2200 लीटर कीमती करीबन 40,000 रु. को तथा शराब बनाने की भट्टी व अन्य उपकरणों को नष्ट किया गया। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 514/23 धारा 34(1) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पिछोर निरीक्षक शिवसिंह यादव , उनि विनोद भार्गव , उनि कुलदीप सिहं , सउनि जहान सिहं , सउनि शैलेन्द्र सिहं , प्रआर 612 घनश्याम सिहं , प्रआर 863 संतोष यादव, प्रआर 548 दीपचंद , आर. 256 रामनाथ , आर. 102 प्रदीप कौरव की सराहनीय भूमिका रही ।



## हत्या के प्रकरण में फरार 3 - 3 हजार रुपये के दो इनामी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में



पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय संजीव पाठक के निर्देशन में तथा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय भिण्ड पूनम थापा के मार्गदर्शन में फरारी,इनामी आरोपियों की धरपकड हेतु चलाये जा रहे अभियान के दौरान थाना प्रभारी ऊमरी निरीक्षक रविंद्र शर्मा व टीम द्वारा 3 - 3 हजार रुपये के दो इनामी आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की आरोपीगणों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 02 मोटर सायकिलें,एक लाठी जप्त की।दिनांक 16/06/2023 को ग्राम रूर में एक्सीडेंट होने एवं पुरानी रंजिश पर से आरोपीगणो ने एक राय होकर ग्राम रूर के निवासी कमल सिंह पुत्र विश्वनाथ सिंह यादव की जान से मारने की नियत से लाठी डंडो व लात घूंसो से मारपीट की थी जिसकी इलाज के दौरान दिनांक 18/06/2023 को मृत्यु हो गई थी। प्रकरण में प्रत्येक आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 3-3 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। प्रकरण में 05 आरोपीगणों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। दिनांक 12/09/2023 को प्रकरण में दो आरोपीगणों को गिरफ्तार किया गया। आरोपीगणों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक स्पलेण्डर मोटर सायकिल, एक अपाचे मोटर सायकिल तथा एक बांस की लाठी जप्त की गई है। गिरफ्तार शुदा आरोपीगणों को न्यायालय पेश किया गया है।उक्त उल्लेखनीय कार्य में थाना प्रभारी ऊमरी निरीक्षक रविन्द्र शर्मा,एसआई भान सिंह सिसौदिया,प्रधान आरक्षक आशीष तिवारी,राजवीर सिहं यादव, आरक्षक संतोष जाट,परशुराम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# भिण्ड में ब्लॉक और जिला स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिताएं 15 सितम्बर से शुरू होंगी

### खेलो एमपी यूथ गेम्स 2023 की तैयारी की समीक्षा बैठक संपन्न

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** खेलो एमपी यूथ गेम्स 2023 का आयोजन ब्लॉक, जिला,संभाग और राज्य स्तर पर आयोजित की जा रही हैं। इसमें 18 खेल प्रतियोगिता आयोजित होंगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश और घोषणा के अनुसार खेलो एमपी यूथ गेम्स 2023 के अंतर्गत जिले में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिले में ब्लॉक स्तर की प्रतियोगिता 15 से 20 सितंबर और जिला स्तरीय 21 से 25 सितम्बर तक आयोजित किया जाना है। इसमें बास्केट बाल, हॉकी, खो खो, एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, कुश्ती, जूडो, तैराकी, मल्लखंब शतरंज, योगासन आदि की 18 प्रतियोगिता आयोजित होंगी। खेलों में 18 वर्ष तक के बालकध्बालिकाओं की ब्लॉक स्तर पर खेल प्रतिस्पर्धाएं 15 सितम्बर से 20 सितम्बर 2023 तक आयोजित की जा रही है। 22 सितंबर से जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन शुरू होंगा और 24 सितंबर पर इस आयोजन का समापन होंगा ।कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने अधिकारियो को समय पर सभी प्रतियोगिता आयोजित करने के निर्देश दिए है की ब्लॉक स्तर पर चयन के बाद जिला स्तर में प्रतियोगिता में बच्चों को लाने की



जिम्मेदारी शिक्षक और प्रशिक्षक की होंगी। ब्लॉक स्तर पर शिक्षक ,ग्राम सचिव बच्चो को लायेंगे और सुरक्षित ले जायेंगे। स्पर्धाओं की तैयारियों की समीक्षा करते हुए शिक्षा विभाग, नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक जिम्मेदारी सौपी है।पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने कहा की सभी प्रतियोगिता में आवश्यक सुरक्षा के इंतजाम किए जाएंगे। बच्चो के लिए तैराकी के समय सुरक्षा के सभी इंतजाम करने के लिए भी निर्देशित किया है उन्होंने बताया कि इस स्पर्धा में जिले के बालक-बालिकाएं भाग लेंगे। इन खिलाड़ियों की आवास, खेल मैदान के रखरखाव, खेल के दौरान बनने वाले रेकार्डो के संकलन, आवास स्थल से खेल मैदान तक परिवहन तथा प्रचार-प्रसार पंजीयन एवं पात्रता तथा उद्घाटन एवं समापन समारोह के लिये नोडल अधिकारियों की नियुक्तियां की गई है। इसके लिये विभिन्न समितियों का गठन भी किया गया है।नगर पालिका, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पुलिस विभाग को खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिये चाकचौबंद व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये है। स्पर्धा का गरिमामय उद्घाटन ब्लॉक स्तर पर युवा खिलाड़ियों का चयन 15 सितम्बर से शुरू होगा। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी हरिभुवन तोमर,जिला खेल अधिकारी संजय सिंह,रक्षित निरीक्षक पुलिस,और अन्य विभागों के अधिकारी बैठक में उपस्थित मौजूद थे।

## पापो का विसर्जन और पुण्य का सर्जन पर्युषण पर्व में होता है : मुनि राजपद्मसागरजी



पुष्पाजंली टुडे

**बेंगलुरू।** जे.पी.पी श्रमणी भवन में पर्युषण महापर्व के दुसरे दिन के प्रवचन में आचार्य श्रीलक्ष्मी सूरीश्वर म.सा.ने अष्टानिका प्रवचन के द्वारा श्रापक जीवन में करने योग्य 17 कर्तव्य के बारे में कहा है पांच कर्तव्य पर्युषण के दौरान करने चाहिये. और ग्यारह कर्तव्य वार्षिक है, जो वर्षभर में करने का होता है। संघपूजा यानि संघ की सेवा करना, श्रीसंघ में साधु-साध्वी-श्रावक एवं श्राविका का समावेश होता है। गउसको चतुर्दिध संघ कहते हैं। उनकी भक्ति करने से पुन्योपार्जन होता है। साधार्मिक भक्ति साधार्मिक यानि सहधर्मी पैसे पुण्या श्रावकने रोज एक साधार्मिक की भक्ति करते थे। एक दिन दो उपवास करते और व्यक्ति को भोजन यानि भक्ति करते है और एक दिन उनकी श्राविका व उपवास करती साधार्मिक भक्ति करने के वैसे उन्होंने साधामिक भक्ति किया था। यात्रात्रिक, स्नात्र पूजा, देवद्रव्यवृद्धि महापूजा, धर्म जागरण, श्रुतपूजा, उद्यापन, तीर्थ प्रभावना और आलोचना, ऐसे 11 कर्तव्य होते है रन्स कर्तच्यो का वर्ष दरम्यान पालन करना है। मुनि श्रमणपद्मसागरजी म.सा ने कहा कर्म के मर्म को भेदने वाला यह पर्व पर्युषण है रस महानपर्व में सभी उत्कृष्ट भावो के साथ धर्म की आराधना करना है। कल सुबह 8.30 बजे प्रवचन श्रमणी भवन में होगा।

## भादवी बीज महोत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर

पुष्पाजंली टुडे

**पाली।** बाली गोंडवाड भादवी बीज समारोह शोभा यात्रा एवं रात्री में भजन संध्या तैयारीयां को लेकर आईजी युवा समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार गहलोत के



प्रतिभावान समारोह को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही है 17 सितम्बर को शोभा यात्रा एवं प्रतिभावान समारोह एवं 16 सितम्बर को शाम महाप्रसादी एवं सानिध्य में कार्यक्रम प्रभारी पकाराम परमार उर्फ बा कि अगुवाई में सीरवी समाज मन्दिरों में लाईट डैकोरेशन मंड़प सहित शोभा यात्रा आईमाताजी मन्दिर से नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए जैकलजी मन्दिर प्रांगण में समापन होगा तैयारियां को लेकर समिति के पदाधिकारी सदस्य गणों ओटाराम परमार, भगाराम गहलोत, भोलाराम राठौड़, जसाराम चौधरी हिम्मत मल हाम्बड, घीसुलाल चौधरी, मानाराम सौलंकी, गमनाराम मुलेवा मुलाराम गहलोत, मदनलाल सीरवी, जीवाराम चौधरी जसाराम ताराराम सीरवी अमृत सीरवी, दुदाराम काग, लकमाराम सीरवी पुराराम भगाराम परमार सुरेश चौधरी जगाराम सोलंकी हेमाराम परमार लक्ष्मण सीरवी सहित बड़ी संख्या में कार्यक्रम की तैयारियां में जुटे हुए हैं।यह जानकारी मिडिया प्रभारी खेताराम महाराज ने दी।

# खरगोन पुलिस द्वारा अवैध हथियारो का निर्माण कर सप्लाय करने वाले माफियाओ के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही

खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे

**02 आरोपी गिरफ्तार**

दोनों आरोपीयो के कब्जे से कुल 25 नग अवैध पिस्टल तथा कट्टे जप्त,

गिरफ्तारशुदा आरोपी अकबर उर्फ खन्ना उज्जैन जिले का हिस्ट्रीशिटर

अकबर उर्फ खन्ना पर लगभग 15 अपराध है पंजीबद्ध

जप्तशुदा पिस्टलों की कीमत लगभग 5,00,000/- रुपये जप्त

आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा मे पिस्टल बनाने की सामग्री जप्त ।

आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इन्दौर (ग्रामीण) श्री राकेश गुप्ता एवं उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री चन्द्रशेखर सोलंकी द्वारा अवैध हथियारों के निर्माण एवं अवैध खरीदी-बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था । उक्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीर सिंह व अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री तरूणेन्द्रसिंह बघेल, अति.पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री मनोहरसिंह बारीया व समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । इसी तारतम्य मे थाना गोगांवा के व्दारा की अवैध हथियारो का निर्माण कर सप्लाय करने वालो माफियाओ के विरुद्ध कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया ।

**घटना का संक्षिप्त विवरण** -दिनांक 11-09-2023 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, अवैध पिस्टल एवं देशी कट्टे की सप्लाई होने वाली है सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए अनुविभागीय अधीकारी श्री संजु चौहान एवं थाना प्रभारी गोगांवा उनि.प्रवीण आर्य के निर्देशन मे पुलिस टीम गठित कर त्वरीत कार्यावाही हेतु पुलिस टीम मुखबिर के बताए स्थान ग्राम मच्छलगांव पहुची । पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताए स्थान पर अपनी उपस्थिति छुपाकर देखा तो एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पकडे गये व्यक्ति से नाम पता पुछने पर अपना नाम अजयसिंह पिता गुरुदेव उर्फ गोगा उम्र 20 साल, निवासी सिगनुर बताया जिसके साथ लाये बैग को चैक करते उक्त व्यक्ति के कब्जे से 13 पिस्टल व 02 देशी कट्टे एवं निर्माण सामग्री किमती रुपये 3,00,000/-रुपये का मिला । उक्त आरोपी से पुछताछ मे अवैध पिस्टल ग्राम सिगनुर थाना गोगावा में अपने पिता गुरुदेव उर्फ गोवा के साथ मिलकर तैयार करना तथा उसको बेचने के लिये लाना बताया गया आरोपी के विरुध्द अपराध पंजीद्ध किया जाकर पुछताछ की गई तथा



माननीय न्यायालय से पुलिस अभिरक्षा प्राप्त कर मनोवैज्ञानिक ढंग से पुछताछ करते उज्जैन तथा दीगर प्रदेशों में हथियारों को निर्माण कर बदमाशों को बेचना बताया गया । जिस पर आरोपी अजयसिंह की निशादेही पर अन्य आरोपी अकबर उर्फ खन्ना पिता मेहबुब खान,उम्र 41 साल, नि. चिंतामण नगर उज्जैन थाना चिमनगंज उज्जैन को गिरफ्तार किया गया है जो की उज्जैन जिले का हिस्ट्रीशिटर है व जिसके ऊपर लगभग 15 अपराध पंजीबद्ध है । अकबर उर्फ खन्ना के कब्जे से 05 देशी पिस्टल कीमत लगभग 1,00,000/- रुपये बरामद की गई है तथा अन्य आरोपी अमन लोहार नि. एम.एल. नगर उज्जैन तथा गुरुदेव उर्फ गोगा पिता सरदारसिंह , नि. सिगनुर फरार है । पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तारशुदा आरोपी अजयसिंह के घर पर भी दबिश दी जाकर उसकी निशानदेही पर 05 पिस्टल 1,00,000/- रुपये जप्त की गई है । इस प्रकार कुल जप्तशुदा 25 नग अवैध पिस्टल तथा कट्टे जप्त किए गए है ।

गिरफ्तारशुदा आरोपियों के विरुद्ध थाना गोगावां पर 25 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है ।

**गिरफ्तारशुदा आरोपी**

1.अजयसिंह पिता गुरुदेव उर्फ गोगा उम्र 20 साल, निवासी सिगनुर

2अकबर उर्फ खन्ना पिता मेहबुब खान,उम्र 41 साल, नि. चिंतामण नगर उज्जैन थाना चिमनगंज उज्जैन

पुलिस टीम

उक्त की गई कार्यवाही मे अनुविभागिय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग भीकनगाँव श्री संजु चौहान, थाना प्रभारी गोगांवा



उनि.प्रवीण आर्य के नेतुत्व मे उनि. सुदर्शन कलोसिया ( सायबर सेल प्रभारी), उनि. दीपक यादव , उनि. धर्मेन्द्रसिंह यादव, सउनि अमजद खान प्रआर 21 किशोर पाटीदार, प्र.आर. क्रमांक 418 भोला प्रसाद द्विवेदी, प्रआर.668 दिनेश मण्डलोई, आर. अभिलाष, आर.277 हेमंत सपकाले व आर 17 अखिलेश मुकेश , आर 907 हितेश व आर 906 रावेन्द्र आर 1009 जितेन्द्र कौरव एवं सायबर सेल खरगोन का विशेष योगदान रहा ।

## मनुष्य में मनुष्य के गुण होने चाहिए : शीतल संत राजाराम



पुष्पाजंली टुडे

**बेंगलुरू।** सीरवी समाज एच.एस.आर लेआउट वडेर के तत्वाधान में आयोजित चातुर्मास विराजित शीतल संत राजाराम पुष्कर धाम ने प्रवचन में कहा कि लोगों में करुणा का भाव कम होता जा रहा है। मानवीय संवेदनाएं कम हो चुकी हैं। बड़े से बड़े हादसे की खबर लोग चाय की चुस्की के साथ पढ़ या सुन लेते हैं। इन हादसों की खबरों से उनके हाथ की प्याली नहीं गिरती। दिल की संवेदनाएं मरना देश व समाज के लिए अच्छा नहीं है। जब हम एक-दूसरे के दुख-दर्द को समझेंगे, तभी अमन-चैन की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। इस अवसर पर वडेर के सचिव लक्ष्मणराम आगलेचा, सह-सचिव केनाराम मुलेवा, गेनाराम सेंणचा, नवयुवक मण्डल के अध्यक्ष महेंद्र राठौड़, सचिव मदनलाल राठौड़, किशोर राठौड़, मिश्रीलाल आगलेचा एवम महिला मंडल की बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

## बाहुदर सिंह गोड को लघु वेतन कर्मचारी संघ का जिला अध्यक्ष मनोयन होने पर प्रदेश एवं उनके बिभाग द्वारा मुरैना में स्वागत किया गया

भोपाल से महेंद्र शर्मा प्रांत अध्यक्ष मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ विधानसभा में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा मुरैना में संघ के उपप्रांताध्यक्ष एवं निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन संपन्न कराया गया जिसमें दिनांक 3 सितंबर 2023 के अनुसार श्री बहादुर सिंह गॉड पशु परिचालक जिला पशुपालन एवं डेयरी जिला मुरैना में निर्वाचन प्रणाली के अनुसार बेध नामांकन प्राप्त होने की स्थिति में निर्विरोध निर्वाचन का प्रतिवेदन प्राप्त हुआ अतः प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर श्री बहादुर सिंह गौड़ पशु परीचारक पशुपालन एवं डेरी विभाग जिला मुरैना को जिला शाखा अध्यक्ष जिला मुरैना के पद पर मनोनीत करता हूं। मुरैना जिला अध्यक्ष बनकर प्रथम आगमन पर आज दिनांक 12/09/2023 को कार्यालय पर अधिकारी कर्मचारी साथियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया

### निर्माण कार्यों में शीघ्रता लाए गुणवत्ता पूर्ण कार्य करें:सांसद श्रीमती संध्या राय

# सभी अधिकारी गंभीरता से निर्माण कार्य की निगरानी करे : कलेक्टर

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** क्षेत्रीय सांसद श्रीमती संध्या राय की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक जिला पंचायत भिण्ड के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह भदौरिया,विधायक संजीव कुशवाह,कलेक्टर संजीव कुमार श्रीवास्तव,सीईओ जिला पंचायत मनोज सरियाम सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।सांसद श्रीमती संध्या राय ने कहा कि जिले में पीएचई, विद्युत, सड़क और पीने के पानी से संबंधित कार्य जनता से जुड़े हुये हैं। इन कार्यों को अधिकारी प्राथमिकता के साथ ध्यान देकर पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं और निर्माण कार्यों को शीघ्रता और गुणवत्ता पूर्ण कार्य करें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचना चाहिए। पीएचई विभाग के अधिकारी नल जल योजना के संबंध में जन प्रतिनिधियों से सामंजस्य स्थापित करें ताकि योजनाओं का लाभ ग्रामीण जनता तक भी पहुंच सके।समीक्षा के दौरान पिछली बैठक का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया जिसमे दिए गए निर्देशों अंतर्गत विभिन्न विभाग जैसे पंचायत एवं ग्रामीण विकास, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पीएचई, विद्युत, सामाजिक न्याय, लोक निर्माण विभाग, नगरीय निकाय आदि द्वारा लक्ष्य, वर्तमान प्रगति की स्थिति, पूर्ण किये गए कार्यों की जानकारी प्रदान की गई।जिला पंचायत सीईओ मनोज सय्यैम ने बताया कि जिले में 100 से अधिक अमृत सरोवर निर्माणाधीन है इनको आधुनिक रूप से व्यवस्थित बनाया जा रहा है जिसमे वाटर रिचार्ज, थ्री लेयर प्लांटेशन, बाउंड्री और पाल भी बनाई जाएगी इसके साथ सौंदर्य करण का काम भी होंगा जिससे यह जिले में पर्यटन केंद्र के रूप में भी स्थापित हो। उन्होंने कहा कि विभाग अंतर्गत योजनाओं का क्रियान्वयन ठीक से हो, और योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा व्यक्तियों को मिले इस ओर कार्य किया जाए। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, एमपीआरसीपी,में केंद्र सरकार की योजना अंतर्गत स्वीकृत मार्गों का विवरण, संधारण मार्गों पर किए गए व्यय एवं प्रगतिरत मार्गों की स्थिति एवं कब तक पूर्ण कर लिए जाएंगे के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत लक्ष्य, स्वीकृत आवास, किस्तों, पूर्ण आवास, अपूर्ण आवास एवं कब तक पूर्ण करा दिए जायेंगे के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने नगरीय निकाय अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में बीएलसी घटक अंतर्गत स्वीकृत आवास एवं पूर्ण आवासों के संबंध में जानकारी ली। आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत नगरीय निकाय एवं जनपद पंचायत वार कुल पात्र हितग्राही, जारी किए गए कार्ड एवं योजना अंतर्गत अब तक किए गए कुल उपचारों की संख्या के संबंध में जानकारी ली। पीएम किसान, सीएम किसान, स्वामित्व योजना सहित अन्य योजनाओं के संबंध जानकारी ली।लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत नल जल योजना की समीक्षा की। उन्होंने कितनी पंचायतों में नल जल योजना पूर्ण हो चुकी हैं कितने में प्रगतिरत हैं एवं कब तक पूर्ण होंगी के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने नल जल योजना एवं जलजीवन मिशन सहित अन्य योजनाओं के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि इन योजनाओं को गंभीरता से लीजिए और



कितनी योजना पूर्ण हो चुकी हैं, कितनी प्रगतिरत हैं, और कितनी शेष हैं इनकी सारी जानकारी उपलब्ध कराने निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। नल जल योजना के भौतिक सत्यापन के लिए अधिकारियो के साथ जनप्रतिनिधियों की कमेटी बनाकर जांच करने के निर्देश दिए है।उन्होंने कहा कि नल जल योजना शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है इसका कार्य गुणवत्तापूर्ण हो, पाइप लाइन डालने हेतु खोदी गई सड़क का मरम्मतीकरण कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि नल की टोटी और पाइप लाइन लोगों के घर तक जानी चाहिए, हर घर नल लगना चाहिए इसका विशेष रखें। उन्होंने कहा कि भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गंभीरता से लेकर कार्य करें पंचायतों में जो जरूरी है, नल जल, बिजली, सड़क उसकी व्यवस्था प्राथमिकता से करें।सांसद श्रीमती संध्या राय ने नगर पालिका भिण्ड के द्वारा शहर में वर्षा पूर्व किए गए कार्य, और गौरी सरोवर में किए निर्माण और स्वच्छता कार्य में किए गए व्यय की जांच कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही शहर में जगह जगह पानी भराव की स्थिति को ठीक करने के निर्देश दिए।उन्होंने सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण द्वारा संचालित योजनाओं में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्त पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना, मंदबुद्धिध्बहुविकलांग को आर्थिक सहायता, सामाजिक सुरक्षा वृद्धावस्था पेंशन योजना, सामाजिक सुरक्षा विधवा/ परित्यकता पेंशन योजना, सामाजिक सुरक्षा निःशक्त पेंशन योजना, दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन सहायता राशि, वृद्धाश्रम में निवासरत अंतःवासियों को पेंशन, मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा कल्याणी पेंशन योजना, मुख्यमंत्री अविवाहित पेंशन योजना, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह ध् निकाय सहायता योजना, मुख्यमंत्री कल्याणी विवाह सहायता योजना, निःशक्त विवाह प्रोत्साहन योजना, निःशक्त व्यक्तियों को विशेष साधन, उपकरण प्रदान योजना एवं शल्यक्रिया उपचार सहायता, विभागीय मान्यता प्राप्त वृद्धाश्रमों का संचालन सहित अन्य विभागीय योजनाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बैठक में राष्ट्रीय राज्यमार्ग, शहरी विकास अभिकरण, भू-अभिलेख, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ग्रामीण यांत्रिकी, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास, आदिम जाति कल्याण विभाग, खनिज विभाग, आदि विभागों की दिए गये एजेण्डा अनुसार वर्तमान वर्ष हेतु लक्ष्य, वर्तमान प्रगति की समीक्षा की गई।

# संसद सत्र पर इतना रहस्य क्यों?

**राष्ट्र-राज्यः** क्या मान लिया जाए कि घोसी में पराजय से सत्ता की रीढ़ यूपी के भी चटकने की शुरुआत हो चुकी है?

श्रवण गर्ग

पीएमओ के अलावा कोई अन्य दावे से नहीं कह सकता कि 18 से 22 के बीच क्या होने वाला है ! 'मोदी है तो मुमकिन है' की तर्ज पर सोचा जाए तो सब कुछ संभव है ! मतलब कुछ भी हो सकता है!प्रधानमंत्री के अब तक के (गुजरात और दिल्ली के) बाईस सालों के कार्यकाल को ध्यान में लाएं तो मोदी ने कभी चिंता ही नहीं की कि उनके फैसलों से जनता की जिंदगी पर क्या असर पड़ सकता है !

अठारह से 22 सितंबर तक आहूत किए गए संसद के विशेष सत्र को प्रधानमंत्री द्वारा उनके दूसरे कार्यकाल के अंतिम पंद्रह अगस्त पर लाल किले से अत्यंत विश्वासपूर्वक की गई घोषणा के साथ जोड़कर देखा जाए तो भाजपा के कार्यकर्ताओं को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। मोदी ने कहा था अगले साल भी लाल किले से तिरंगा वे ही फहराएँगे। लाल किले से जी-20 तक का घटनाक्रम इसी ओर इशारा करता है कि चुनाव चाहे जब भी हो प्रधानमंत्री तो मोदी ही रहने वाले हैं! यानी विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' चाहे जो कर ले!

प्रधानमंत्री रहस्य की परतों के बीच जीते और शासन चलाते हैं। कहा जाता है कि अपने इर्द-गिर्द जो आभामंडल वे बनाए रखते हैं उसकी परतों के पार कोई झांक नहीं पाता, उनके सबसे नजदीक माने जाने वाले सहयोगी भी नहीं ! वाराणसी में भगवान विश्वनाथ के कॉरिडोर के भव्य लोकार्पण समारोह के छायाचित्रों को गूगल पर खोजिए। 13 दिसंबर 2021 को रेवती नक्षत्र में दिन के 1.37 बजे से 1.57 तक के शुभ मुहूर्त में कॉरिडोर के लोकार्पण से पूर्व जब उन्होंने गंगा माता में डुबकी लगाकर उसकी पूजा की तब भी वे ऊपर से नीचे तक भगवा वस्त्रों से आच्छादित थे।

वाराणसी से नामांकन भरते समय 'न मैं आया, न मुझे भेजा गया, मुझे तो माँ गंगा ने बुलाया है' का उच्चार करने वाले चुनाव-प्रत्याशी नरेंद्र मोदी गंगा माँ की गोद में भी प्रधानमंत्री ही बने रहते हैं और तब भी जब वे फोटोग्राफरों की टीम की मौजूदगी में गांधीनगर में माँ (स्व) हीराबेन से भेंट और उनके साथ भोजन करते थे। पूछा जा सकता है कि संसद के विशेष सत्र की कार्यसूची प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व की तरह ही पहरों में क्यों है? प्रधानमंत्री कार्यालय या लोकसभा सचिवालय विज्ञापनों के जरिए उसे अखबारों में उस तरह क्यों नहीं प्रकाशित करवा देता जिस तरह प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्राप्त हुई उपलब्धियों की गाथाएँ जनता के पैसों से छपवाकर जनता के बीच ही प्रसारित की जाती हैं? पीएमओ या लोकसभा सचिवालय ऐसा नहीं करेगा! कांग्रेस की चेयरपर्सन सोनिया गांधी चाहें तो इस सिलसिले में एक और चिट्ठी प्रधानमंत्री को लिखकर विशेष सत्र के एजेंडे पर अपनी और विपक्ष की चिंताएँ व्यक्त कर सकती हैं।

'स्वतंत्रता दिवस' के दिन लाल किले से की गई प्रधानमंत्री की घोषणा को सुनने वालों में कई विदेशी राजनयिक भी थे। निश्चित ही दुनिया भर के इन राजनयिकों ने प्रधानमंत्री के उद्बोधन का सार चेतावनियों के साथ अपने-अपने शासनाध्यक्षों को लाल किले के परिसर से ही स्मार्ट फोनों के जरिए भिजवा दिया होगा। सवाल यह है कि ऐसा दावा कि अगले साल भी तिरंगा झंडा वे ही फहराएँगे प्रधानमंत्री ने अपने प्रथम कार्यकाल के अंतिम पंद्रह अगस्त (2018) के उद्बोधन में क्यों नहीं किया था? दूसरे कार्यकाल के अंतिम पंद्रह अगस्त को ही क्यों किया? क्या विशेष सत्र के रहस्यमय एजेंडे में ही सारे सवालों के जवाब छुपे हुए हैं? या इन सच्चाइयों से भी कुछ अनुमान लगाए जा सकते हैं कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पार्टी न सिर्फ एक के बाद एक विधानसभा चुनाव हार रही है, उपचुनावों में भी उसकी पराजय हो रही है।

छह राज्यों की सात सीटों के लिए हुए उपचुनावों में सबसे महत्वपूर्ण नतीजा प्रधानमंत्री के चुनाव क्षेत्र वाराणसी के निकट स्थित घोसी का है जहां मुख्यमंत्री योगी द्वारा हर संभव ताकत और संसाधनों का इस्तेमाल किए जाने के बावजूद भाजपा भारी मतों से हार गई। यूपी की अस्सी लोकसभा सीटें तो भाजपा के लिए सत्ता की रीढ़ हैं ! उन पर आगे क्या होने वाला है?

क्या मान लिया जाए कि घोसी में पराजय से सत्ता की रीढ़ यूपी के भी चटकने की शुरुआत हो चुकी है और संघ के मुखपत्र 'पांचजन्य' की तरह भाजपा को लग गया है कि सिर्फ मोदी की छवि और हिंदुत्व के बल पर ही पार्टी फिर सत्ता में नहीं आ पाएगी? जाहिर है कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे द्वारा (दो सितंबर को) थमाया गया सनातन धर्म पर हमले का मुद्दा घोसी के लिए हुए मतदान (पाँच सितंबर) में भाजपा के काम नहीं आया !

आखिरी सवाल यह कि लोकसभा चुनावों में हार की आशंकाओं के चलते प्रधानमंत्री अगर किन्हीं कमजोर क्षणों में सत्ता का मोह त्याग केदारनाथ की उस चर्चित गुफा में ध्यान लगाने का मन बना लें जहां वे 18 मई 2018 को फोटोग्राफरों की टीम के साथ पहुँचे थे तो क्या ऐसा कर पाएँगे? शायद नहीं ! निहित स्वार्थों की भक्त मंडली ने उनकी आँखों में भारत को दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक ताकत (लोकतंत्र नहीं?) बनाने का ऐसा काजल रोप दिया है कि वह उन्हें ऐसा कुछ नहीं करने देगा।

*(साभार- समता मार्ग)*

**अपनी बात**
**संपादकीय**

## करीब आए भारत और सऊदी

सऊदी अरब ने गुजरे आठ महीनों में अमेरिका में अपना निवेश 41 प्रतिशत घटाया है। तो अब उसके सामने सवाल यह है कि अपना पैसा कहां लगाए। भारत में 100 बिलियन डॉलर निवेश करने के उसके एलान को इसी संदर्भ में देखा जाएगा।

*सऊदी अरब के प्रिंस मोहम्मद-बिन-सलमान की भारत यात्रा से यह साफ हुआ है कि आर्थिक संबंध के क्षेत्र में विभिन्न देशों की बदलती प्राथमिकताओं के बीच भारत को अपने देश के लिए वे एक महत्वपूर्ण स्थल मान रहे हैं। सऊदी अरब उन देशों में है, जो अंतरराष्ट्रीय व्यापार बड़े मुनाफे की स्थिति में रहते हैं। जाहिर है, इसका कारण सऊदी अरब की तेल संपदा है। प्रिंस सलमान की खूबी यह है कि हाथ में सत्ता आने के बाद से उन्होंने दूरदर्शी नजरिया अपना रखा है। वे जानते हैं कि जीवाश्म ऊर्जा की बदौलत उनका देश हमेशा समृद्ध नहीं बना रहेगा। इसलिए वे निवेश के विभिन्न क्षेत्रों को तलाश रहे हैं। उनकी भारत यात्रा भी इसी तलाश का हिस्सा है। जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान पत्रकारों से बातचीत में सलमान कहा कि पांच साल के अंदर पश्चिम एशिया 'अगला यूरोप' हो जाएगा। जाहिर है, इसमें आधुनिक तकनीक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।*

*इस लिहाज से भारत के तकनीक-कर्मी सऊदी अरब के लिए बड़े फायदे का पहलू हो सकते हैं। इसके अलावा इस समय दुनिया में ट्रेंड अमेरिका के बॉन्ड और ट्रेजरी बिल से पैसा निकालने का है। सऊदी अरब ने गुजरे आठ महीनों में अमेरिका में अपना निवेश 41 प्रतिशत घटाया है। तो अब उसके सामने सवाल यह है कि अपना पैसा कहां लगाए। चीन उसका एक मुकाम है। साथ ही वह दूसरे स्थलों की तलाश में है। भारत में 100 बिलियन डॉलर निवेश करने के उसके एलान को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए। असल में कितना निवेश आएगा, यह भारत की अपनी परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। इन 100 में 50 बिलियन डॉलर के निवेश की घोषणा सऊदी अरब ने 2019 में की थी। यह महाराष्ट्र में रिफाइनरी बनाने में होनी है। मगर चार साल से बात सिर्फ इरादों तक है। सऊदी अरब से भारत का सालाना कारोबार पिछले वित्त वर्ष में 29.28 बिलियन डॉलर का था। इसमें 22.65 डॉलर का भारत ने आयात किया था।*

## फुटबाल टीम ज्योतिष भरोसे?

चूंकि ऐसी खबर पहली बार आई है, इसलिए फिलहाल इसने ध्यान खींचा है। खबर यह है कि एशिया कप फुटबॉल के क्वालीफाइंग मैचों के लिए टीम का चयन भारतीय टीम के कोच ने एक ज्योतिषी की सलाह पर किया।

*देश में जिस तरह के माहौल और सोच को प्रोत्साहित किया जा रहा है, उसके बीच यह होना ही है। चूंकि ऐसी खबर पहली बार आई है, इसलिए फिलहाल इसने ध्यान खींचा है। खबर यह है कि एशिया कप फुटबॉल के क्वालीफाइंग मैचों के लिए टीम का चयन भारतीय टीम के कोच ने एक ज्योतिषी की सलाह पर किया। इसके लिए उस ज्योतिषी को भारतीय फुटबॉल संघ ने बकायदा करीब 15 लाख रुपयों का भुगतान किया। कोच इगोर स्टिमैक सर्बियाई हैं। लेकिन उससे कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि विदेशी खिलाड़ी या कोच भी कोई कम अंधविश्वासी नहीं होते। वैसे भी खेलना या कोचिंग उनके लिए नौकरी है। और अगर उनका बॉस ज्योतिषी का सलाह लेने के लिए कहे, तो वे उसकी हुक्म-उदूली नहीं कर सकते। अब सामने यह आया है कि स्टिमैक को ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के तत्कालीन महासचिव कुशल दास ने ज्योतिषी की सलाह लेने को कहा था। तो हर मैच के पहले कोच संभावित टीम के खिलाड़ियों के नाम, उनकी जन्म तिथि, मैच का समय आदि ज्योतिषी को भेज देते थे।*

*ज्योतिषी सितारों का आकलन कर जिन खिलाड़ियों के बारे में बताता था कि उस रोज उसका अच्छा दिन है, उन्हें ही टीम में रखा गया। ये दीगर बात है कि इसके बावजूद भारतीय टीम जॉर्डन से मैच हार गई। एशिया में फुटबॉल में मजबूत बहुत देश हैं। भारत के लिए हाल में इसे एक बड़ी सफलता समझा गया है कि भारतीय टीम फीफा की रैंकिंग में टॉप 100 देशों में शामिल हो गई है। टीम अब एशिया कप के लिए क्वालीफाई भी कर चुकी है। अब मुद्दा यह है कि हाल की ये सफलताएं खिलाड़ियों की मेहनत या किसी उभर रहे सिस्टम का नतीजा है, या फिर सारा खेल सितारों का या सितारों के मुताबिक चलने का है? बहरहाल, जब वैज्ञानिकों को खुद पर भरोसा ना रहे और अंतरिक्ष यान छोड़ने से पहले कर्मकांड का सहारा लेते हों, तो आखिर खेल प्रशासकों या कोच को ही अकेले क्यों कठघरे में खड़ा क्यों किया जाए। जब वैज्ञानिक सोच के प्रति लेकर एक विरोध भाव का माहौल है, तो ऐसी बातें होना स्वाभाविक ही है।*

## समाचार विश्लेषण : रेल और समंदर मार्ग से यूरोप से ऐसे जुड़ेगा भारत

यह आर्थिक गलियारा कई मायनों में अहम माना जा रहा है और इस आर्थिक गलियारे में एक रेल और बंदरगाहों से जुड़ा नेटवर्क बनाया जाएगा। इसमें सात देश पार्टनरशिप फॉर ग्लोबल इंफ्रास्ट्रक्चर इनवेस्टमेंट (पीजीआईआई) के तहत निवेश करेंगे।

चीन की बेल्ट एंड रोड इनेशिएटिव के मुकाबले भारत ने पश्चिम एशिया से होते हुए यूरोप तक आर्थिक गलियारा बनाने के समझौते पर हस्ताक्षर किया है। इस समझौते में यूरोपीय संघ समेत सात देश शामिल हैं। भारत ने जी20 शिखर सम्मेलन के इतर अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, यूरोपीय संघ, जर्मनी, फ्रांस और इटली के साथ मिलकर रेल-समुद्र आर्थिक गलियारे के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किया है। यह एक महत्वाकांक्षी इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट है जिसको चीन की बेल्ट एंड रोड इनेशिएटिव (बीआरआई) के जवाब के तौर पर देखा जा रहा है।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे की तारीफ की है। मोदी ने कहा कि यह साझा सहयोग आकांक्षाओं और सपनों की यात्रा को विस्तार प्रदान करते हुए सहयोग, इनोवेशन व साझा प्रगति का प्रतीक बनने का भरोसा देता है।मोदी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा है, जैसे-जैसे इतिहास सामने आ रहा है, यह गलियारा मानवीय प्रयास और महाद्वीपों में एकता का प्रमाण बन सकता है।

आधिकारिक तौर पर इसे इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर (आईएमईसी) कहा जा रहा है, इसे आधुनिक स्पाइस रूट के रूप में और अधिक महत्वपूर्ण रूप से चीन की बेल्ट एंड रोड इनेशिएटिव के लिए एक महत्वपूर्ण वैचारिक विकल्प के रूप में देखा जा रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूरोपीय आयोग की प्रमुख उर्सुला फॉन डेय लाएन ने जी20 शिखर सम्मेलन से इतर इस प्रोजेक्ट का ऐलान किया। पीजीआईआई और आईएमईसी के साझेदारी के मौके पर यूरोपीय आयोग की प्रमुख ने कहा, पहला, भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा। यह ऐतिहासिक है। यह रेल लिंक के साथ भारत, अरब की खाड़ी और यूरोप के बीच आज की तारीख में अधिक सीधा कनेक्शन होगा जो भारत और यूरोप के बीच व्यापार को 40 प्रतिशत बढ़ा देगा।

इस योजना में डाटा, रेल, बिजली और हाईड्रोजन पाइपलाइन प्रोजेक्ट्स को शामिल किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के जरिए भारत और यूरोप के बीच व्यापार 40 फीसदी तक बढ़ जाएगा। डेय लाएन ने कहा, एशिया, मध्य पूर्व और यूरोप के बीच स्वच्छ ऊर्जा व्यापार को बढ़ावा देने के लिए बिजली केबल और स्वच्छ हाइड्रोजन पाइपलाइन भी बिछाई जाएगी। उन्होंने कहा, हाई स्पीड डाटा केबल दुनिया के कुछ सबसे नवीन डिजिटल ईको सिस्टम को जोड़ेगा और पूरे रास्ते में व्यापार के अवसर पैदा करेगा।

तीनों प्रमुख राजनीतिक दल बीजेपी के करीब आने की कोशिश कर रहे हैं। यह एक दिलचस्प तथ्य है। राज्य की दोनों अहम पार्टियां बीजेपी से करीबी बढ़ाना चाहती है।टीडीपी बीच-बीच में बीजेपी का समर्थन करती रहती है। लेकिन बीजेपी के एजेंडे में कोई बड़ा अंतर नहीं दिख रहा है।चंद्रबाबू नायडू कुछ समय के लिए बीजेपी के साथ जुड़ने की पुरजोर कोशिश करते रहे। वहीं राज्य में तेजी से उभर रही तीसरी पार्टी जयसेना भी बीजेपी का समर्थन लेने के मामले में ज्यादा मुखर है।

# चंद्रबाबू की गिरफ़्तारी, आंध्र की राजनीति का नया अध्याय?

गुड्डा रोहित

तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) के अध्यक्ष और आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को शनिवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया।उनकी गिरफ्तारी आंध्र प्रदेश पुलिस की सीआईडी ने कथित स्किल डिवेलपमेंट घोटाले में की है।आरोप है कि यह घोटाला नायडू के 2014 से 2019 के बीच मुख्यमंत्री रहते हुए हुआ था। नायडू की गिरफ़्तारी आंध्र प्रदेश में प्रतिशोध की राजनीति के बदलते हुए परिदृश्य को सामने लाई है।

कुछ लोगों का कहना है कि चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 का उल्लंघन है। उनका तर्क है कि गिरफ्तारी से पहले न तो राज्यपाल की मंजूरी ली गई और न ही उन्हें कोई नोटिस दियागया।पिछले पाँच साल में यह पहली बार नहीं है कि उन्हें निशाना बनाया गया है। टीडीपी को 2019 के विधानसभा चुनाव में हुई करारी हार के बाद से अब तक उनके ख़िलाफ़ 10 मामले दर्ज किए गए हैं। वहीं इसी दौरान उनके बेटे नारा लोकेश के ख़िलाफ़ 16 अन्य मामले दर्ज किए गए हैं।

साल 2019 की हार के बाद अमरावति में चंद्रबाबू नायडू के दफ्तर को बुलडोजर से जमींदोज कर दिया गया था। वाईएसआर कांग्रेस के नेताओं ने इस कार्रवाई पर जश्न मनाया था। वाईएसआर कांग्रेस का कहना था कि अतिक्रमण की वजह से यह कार्रवाई की गई।इसी तरह की कार्रवाई टीडीपी मुख्यालय पर भी हुई थी। इस तरह राज्य में प्रतिशोध की राजनीति का एक नया अध्याय शुरू हुआ।

यही नहीं राज्य की विधानसभा में नायडू के परिवार के ख़िलाफ़ व्यक्तिगत हमले किए गए। यह इतना तगड़ा था कि नायडू विधानसभा में ही रो पड़े।उन्होंने क़सम खाई कि अब मुख्यमंत्री बनने के बाद ही वो विधानसभा में आएंगे।यह वाईएसआर कांग्रेस की ओर से शुरू किया गया कोई नवाचार नहीं था। चंद्रबाबू नायडू लोकतंत्र के संरक्षक भी नहीं हैं।

जगन मोहन रेड्डी जब विपक्ष में थे तो टीडीपी के सदस्यों ने उन पर ताने मारे थे और आरोप लगाए थे। इसके बाद जगन मोहन रेड्डी विधानसभा से बाहर चले गए थे। वो मुख्यमंत्री बनने के बाद ही विधानसभा लौटे थे।चुनाव नजदीक आते ही राज्य में बदले की राजनीति अब अपने चरम पर पहुँच रही है। टीडीपी को उम्मीद है कि नायडू की गिरफ्तारी से उन्हें सहानुभूति मिलेगी। पार्टी का कहना है कि जब जगन को जेल हुई थी तो उन्हें सहानुभूति मिली थी। अब जिस तरह से नायडू की गिरफ्तारी हुई है, उससे टीडीपी को कुछ सहानुभूति मिल सकती है। लेकिन खेल अभी खत्म नहीं हुआ है।सामाजिक कार्यकर्ता प्रोफ़ेसर हरगोपाल कहते हैं कि इस तरह की बदले की राजनीति न तो 2019 में शुरू हुई और न ही जगन मोहन रेड्डी प्रतिशोध की राजनीति के पहले शिकार हैं।

नायडू को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में अपने शासनकाल में विपक्षी आंदोलनों के प्रति अलोकतांत्रिक रवैये के लिए जाने जाते हैं।साल 1995-2004 के बीच अपने मुख्यमंत्री काल में नायडू के नव-उदारवादी एजेंडे के किसी भी विरोध के प्रति उनकी अत्याधिक शत्रुता के कई उदाहरण हैं।साल 2019 के बाद न केवल नायडू और उनके बेटे को इसका खमियाजा भुगतना पड़ा, बल्कि टीडीपी के अन्य नेताओं को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ा।

टीडीपी और वाईएसआर कांग्रेस के बीच जारी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता केवल राजनेताओं तक सीमित नहीं है।

बिजनेस हाउस भी इसकी चपेट में आए हैं। ऐमरान बैटरी बनाने वाले आमरा राजा ग्रुप के मालिक टीडीपी सांसद गाला जयदेव हैं। आंध्र प्रदेश में इस ग्रुप का कारखाना बहुत पहले से है।इस समूह ने अभी हाल ही में अपनी विस्तारित परियोजनाएं तेलंगाना में लगाने की घोषणा की है। माना जा रहा है कि प्रदेश



सरकार के उत्पीड़न से तंग आकर यह फ़ैसला लिया है।वहीं बिजनेस इनसाइडरों के मुताबिक़ टीडीपी से जुड़े ग्रेनाइट खनन क्षेत्र के कारोबारियों को या तो अपनी योजनाएं रोकनी पड़ी है या अपनी वफादारी सत्तारूढ़ पार्टी की तरफ करनी पड़ी है।

आरोप तो यह भी लगाए जा रहे हैं कि आंध्र प्रदेश में अपनी यूनिट लगाने की घोषणा करने वाली कंपनियों ने अपनी योजनाएं रद्द कर दी हैं। पिछली और वर्तमान सरकार में आयोजित वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन भव्य फोटो-ऑप कार्यक्रमों से ज्यादा कुछ नहीं है।

टीडीपी समर्थक व्यापारिक समुदाय में निराशा है। आंध्र प्रदेश के आर्थिक परिदृश्य में अडानी के एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में उभरे हैं। उन्हें कथित तौर पर वाईएसआर कांग्रेस का गुप्त समर्थन हासिल है। इसने स्थिति को और उलझा दिया है।

वाईएसआर कांग्रेस ने 2019 में सत्ता में आने के बाद जो सबसे बड़े फ़ैसले लिए उनमें से एक था अमरावती के निर्माण पर रोक लगाना।एक बार बन जाने के बाद अमरावति 50 हजार एकड़ की देश की सबसे बड़ी ग्रीनफिल्ड राजधानी होती। इसके आर्थिक रूप से व्यवहार न होने को लेकर यह तर्क दिया गया कि यह 'अमरावती' नहीं बल्कि 'कम्मारावती' है। (कम्मारावति कामा और अमरावति से मिलकर बना है, कामा एक जाति है, जिससे टीडीपी के संस्थापक और चंद्रबाबू नायडू आते हैं)।

इसे ऐसे समझ सकते हैं कि राज्य सरकार के मंत्री बोत्सा सत्यनारायण ने कई बार कहा कि अमरावती एक रियल-एस्टेट प्रोजेक्ट है। यह केवल नायडू की जाति को लाभ पहुंचाने वाली जाति की राजधानी के अलावा कुछ नहीं है।इसके बाद नायडू और उनकी पार्टी के अन्य नेताओं के खिलाफ़ कम से कम तीन मामले दर्ज किए गए। उन पर कथित अमरावती घोटाले का मास्टरमाइंड होने का आरोप लगाया गया।

आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने आदेश दिया कि राजधानी बदली नहीं जानी चाहिए। उसने सरकार को जल्द से जल्द अमरावति में निर्माण कार्यों को पूरा करवाने का आदेश दिया। लेकिन वाईएसआर कांग्रेस सरकार ने इसके ख़िलाफ़ सुप्रीम कोर्ट में अपील कर दी।तेलगू सिनेमा के लोकप्रिय कलाकार पवन कल्याण के राजनीति में प्रवेश के साथ ही आंध्र प्रदेश की जाति आधारित राजनीति में एक नया मोड़ आ गया।

पवन का आधार कप्पू जाति में है। जिसकी आंध्र प्रदेश में बड़ी आबादी है। कोस्टल आंध्र प्रदेश में कम्मा और कप्पू में तनाव था। जगन की इन दोनों ताक़तों को एकजुट करने की ताक़त अब स्पष्ट है।पवन ने जनसेना और टीडीपी के एकजुट होकर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। टीडीपी में निराशा है क्योंकि चंद्रबाबू नायडू अब बूढ़े हो रहे हैं और जगन ने उनके वित्तीय स्रोतों को निचोड़ लिया है।ऐसे में एक बार फिर हार टीडीपी के लिए घातक झटका हो सकती है। यह खेल आंध्र प्रदेश की राजधानी में हो रहा है। ऐसे में पैदा हुई हताशा कई बुरी चीजों को बढ़ावा देती है।

आंध्र प्रदेश में 1983 के चुनाव में कम्युनिस्टों के नेतृत्व वाले प्रोग्रेसिव डेमोक्रेटिक फ्रंट (पीडीएफ) ने कांग्रेस के हाथ से सत्ता क़रीब-क़रीब छीन ली थी।हालांकि इसके बाद कांग्रेस ने चुनावी इतिहास में अपना एकाधिकार कर लिया, फिल्म स्टार एनटी के नेतृत्व में तेलुगु देशम पार्टी के उदय ने 1982 में कांग्रेस के सत्ता केंद्र को उखाड़ फेंका।इस पर रेड्डी और ब्राह्मण जातियों का वर्चस्व था। टीडीपी के उदय ने पिछड़ी जातियों को कुछ राजनीतिक स्पेस दिया। अन्य पिछड़ी जातियों को शिक्षा और नौकरियों में आरक्षण मिला।

उसके बाद से ही टीडीपी कम्माओं के नेतृत्व वाली पार्टी बनी हुई है। पिछड़ी जातियों का एक वर्ग उनका प्रमुख समर्थन आधार है।अनुसूचित जाति में शामिल मडिगा का भी उसे समर्थन मिला है। कुछ मडिगा नेता टीडीपी के साथ-साथ राज्य के बड़े नेता बनकर उभरे हैं। टीडीपी की बागडोर विवादास्पद रूप से एनटीआर के दामाद चंद्रबाबू नायडू के हाथ में चली गई। 2004 तक टीडीपी सत्ता में रही।

टीडीपी को 2004 के चुनाव करारी हार का सामना करना पड़ा। वाईएस राजशेखर रेड्डी के नेतृत्व में कांग्रेस ने एक बार फिर सत्ता में वापसी की।राजशेखर रेड्डी ने नायडू के बेलगाम और हिंसक नव-उदारवादी शासन के विरोध में लोकलुभावन घोषणाओं और योजनाओं के दम पर सत्ता में वापसी की। एक हवाई हादसे में राजशेखर रेड्डी की मौत के बाद जगन मोहन रेड्डी की राजनीति में एंट्री हुई। वो मुख्यमंत्री बनना चाहते थे। लेकिन कांग्रेस आलाकमान की योजना अलग थी।उसने जगन की मांग पर ध्यान नहीं दिया। इसके बाद जगन ने कांग्रेस छोड़कर वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के नाम से अपनी पार्टी बनाई और कांग्रेस के ख़िलाफ़ लामबंदी की।

कांग्रेस सरकार ने इसे अच्छा नहीं माना। इसके बाद जगन को क़रीब 16 महीने जेल में बिताने पड़े। उनके साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता, नौकरशाह और कुछ उद्योगपतियों को भी जेल में रहना पड़ा।जगन के ख़िलाफ़ यह मामला अभी भी अदालत में विचाराधीन है। दरअसल, इस मामले में जो याचिककर्ता थे, उनमें से एक टीडीपी सांसद येरम नायडू भी थे।साल 2014 में आंध्र प्रदेश का बँटवारा हो गया। इसने कांग्रेस को राज्य की राजनीति से पूरी तरह से बाहर कर दिया।

*(साभार- बीबीसी.कॉम/हिंदी)*

# सहकारी संघ की 38 वीं वार्षिक साधारण सभा सम्पन्न



**सीहोर।** बुधवार को जिला सहकारी संघ मर्यादित सीहोर की 38 वीं वार्षिक साधारण सभा जिला सहकारी कार्यालय भवन पर आयोजित की गई । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री सुधीर कैथवास उपायुक्त सहकारिता, जिला सीहोर, सुनील सक्सेना वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक एवं प्रशासक जिला सहकारी संघ की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर श्री पी. एन. यादव महा प्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सीहोर, श्री महेन्द्र सिंह पटेल पूर्व संचालक भोपाल दुग्ध सहकारी संघ, श्री सौभाल सिंह ठाकुर संचालक जिला लघु वनोपज संघ सीहोर, श्री कैलाश चन्द्रवंशी दुग्ध संस्था मुहाली, श्री प्रदीप उपाध्याय संचालक कर्मचारी साख जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सीहोर विशेष अतिथि थे। अतिथियों का स्वागत श्री तेज सिंह ठाकुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा पुष्पमाला से किया गया।साधारण सभा की अध्यक्षता करते हुए श्री सुनील सक्सेना द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि सहकारिता आन्दोलन के प्रचार-प्रसार के लिए जिला सहकारी संघ एक जिला स्तरीय प्रतिनिधि संस्था है सभी सहकारी संस्थाऐं द्वारा जिला संघ को देय अभिदाय की राशी समय पर भुगतान करें जिससे जिला सहकारी संघ, सहकारी षिक्षा, प्रशिक्षण कार्यक्रम सुचारू रूप से संचालित कर सकें।श्री सुधीर कैथवास उपायुक्त द्वारा कहा गया कि सहकारिता आन्दोलन के विकास हेतु मध्यप्रदेश शासन द्वारा नई सहकारिता नीति बनाई गई है एवं पैक्स संस्थाओं की नई उपविधियाँ तैयार की गई हैं ताकि सहकारिता का लाभ संस्थाओं के माध्यम से जन जन तक पहुंच सके ।श्री पी. एन. यादव महा प्रबंधक द्वारा कहाकि सहकारिता आन्दोलन का प्रचार प्रसार प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला सहकारी संघ अपने उद्देष्य के अनुसार कर रहा है। इसके लिए यहाँ के कर्मचारी बधाई के पात्र हैं एवं बैंक सहकारिता की भावना अनुरूप हमेशा आपके कार्य में सहयोग करता रहेगा।इस अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ भोपाल के प्रतिनिधि श्री गणेश मांझी प्राचार्य, श्री अरुण कुमार जोशी सहकारी प्रशिक्षक, श्री धनराज लेखापाल, श्री जगदीश चन्द्रवंषी, श्री सुन्दरलाल जैन तथा अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे ।श्री तेज सिंह ठाकुर मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा साधारणसभा के विषय एवं निर्णय पड़कर सुनाए गए जिन्हें उपस्थित सदस्यों द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई । अन्त में अध्यक्ष की आज्ञा से सभा समाप्ति की घोषणा की गई।

# टीचर की पिटाई से कोमा में छात्र :आई गंभीर चोट नागपुर में भर्ती, रीवा शहर के भास्कर स्कूल का मामला

## टीचर ने स्टूडेंट की कनपटी में मारा थप्पड़, सिर में गंभीर चोट, हालत गंभीर,

**रीवा।**घटना अमहिया थाना क्षेत्र के जनार्दन कॉलोनी मे स्थित एक प्राइवेट स्कूल की है. यहां पर एक 12 वर्षीय छात्र पढ़ाई करता है. रोज की तरह बीते 28 अगस्त को छात्र अपनी क्लास में बैठा था. इसी दौरान क्लास में म्यूजिक टीचर की इंट्री हुई. इस दौरान किसी कारणवश छात्र खड़ा नहीं हो पाया. यह बात टीचर सहन नहीं कर पाया. गुस्से से तिलमिलाए टीचर ने छात्र की कनपटी में जोरदार तमाचा जड़ दिया. जिस हाथ से टीचर ने छात्र को तमाचा जड़ा, उस हाथ की कलाई में रुद्राक्ष बंधा हुआ था. इससे बच्चे के दिमाग में अंदरूनी चोट आ गई. बच्चे की लाल आंख देखकर मां ने पूछा तो उसने टीचर की करतूत बताई.दिमाग में अंदरूनी चोट ंपिटाई से बच्चे की आंख में सूजन आ गई और उसकी आंख पूरी तरह लाल हो गई. परिजनो ने बच्चे को दर्द की दवा खिलाई, जिससे उसे आराम मिल गया. लेकिन घटना के 3 दिन बाद बच्चे को तेज बुखार आया और




उसकी हालत नाजुक होने लगी. परिजन तत्काल बच्चे को लेकर डॉक्टर के पास गए, जिसके बाद डॉक्टर ने उसे इलाज के लिए संजय गांधी अस्पताल भेज दिया. संजय गांधी अस्पताल में बच्चे को भर्ती किया गया. यहां इलाज और जांच के दौरान जानकारी हुई कि दिमाग के अंदरूनी हिस्से में गंभीर चोट लगी है.



**टीचर फरार, पुलिस तलाश रही–** एडिशनल एसपी अनिल सोनकर के मुताबिक कुछ दिनो तक छात्र का इलाज जबलपुर में चलता रहा. इसके बाद डॉक्टरों ने उसे नागपुर रेफर कर दिया.11 सितंबर को बच्चे का ऑपरेशन हुआ. उसके दिमाग के अंदरूनी हिस्से में गंभीर चोंट लगी है. गंभीर हालत में छात्र अब भी अस्पताल की द्धष्ट वार्ड में भर्ती है, जिसका उपचार किया जा रहा है. छात्र के परिजनो ने बीते सोमवार को अमहिया थाने पहुंचकर घटना की शिकायात दर्ज करवाई. पुलिस ने टीचर के विरुद्ध 308 व छ्छ्छ्र्-छ्ठ्ञ के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है. वहीं घटना के बाद से टीचर फरार बताया जा रहा है, जिसकी तलाश की जा रही है।

# घर से सिलाई करने निकले युवक का बीहर नदी में मिला शव

## युवक दो दिन पूर्व हुआ था लापता, स्थानीय लोगों ने शव मिलने की सूचना पुलिस को दी

**रीवा।** सिटी कोतवाली के विक्रम पुल में शव मिलने के बाद हड़कंप मच गया। पुलिस ने बताया है कि दो दिन पूर्व युवक घर से सिलाई करने निकला था। शाम को घर नहीं लौटा तो दूसरे दिन कोतवाली थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। तभी तीसरे दिन बड़ी पुल के पास टापू के टीले एक लाश फंसी दिखी। स्थानीय लोगों ने शव मिलने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल को देखा। इसके बाद होमगार्ड के गोताखोर व एसडीईआरएफ के जवान बुलाए। स्टीमर बोट की मदद से जवान नदी के अंदर गए। काफी मशक्कत के बाद 500 फीट के रस्से की व्यवस्था की। तब कहीं जाकर लाश को बाहर लाया गया है।

**तीसरे दिन बड़ी पुल के पास**



**टापू पर लाश फंसी दिखी**–सिटी कोतवाली थाने के सब इंस्पेक्टर विजय सिंह बघेल ने बताया कि 10 सितंबर की सुबह 10 बजे सुनील चौधरी पुत्र मुन्नालाल चौधरी 25 वर्ष बदरिया स्थित घर से बाहर सिलाई के लिए निकला था। पर शाम को घर नहीं लौटा। रातभर तलाश के बाद परिजन 11 सितंबर की दोपहर थाने पहुंचे। उन्होंने गुमशुदगी की एफआईआर दर्ज कराई।गत 12 सितंबर की सुबह 9 बजे विक्रमपुल के पास नदी में एक लाश तैरती देख सनसनी फैल गई। लाश मिलने की जानकारी पर घर के लोग आए। उन्होंने पुलिस को खबर दी।

**पुल में सुनील को कई लोगों ने देखा था**–भाई अमित चौधरी ने बताया कि सोमवार की शाम निपनिया पुल में सुनील को कई लोगों ने देखा था। मौत की जांच पुलिस सही तरीके से करे, जिससे हत्या या हादसे का पता चल सके। सिटी कोतवाली पुलिस ने मंगलवार की दोपहर 1 बजे लाश को बीहर नदी से बाहर निकाला है। पंचनामा कार्रवाई के बाद लाश को पीएम के लिए संजय गांधी अस्पताल भेजवाया गया है। वहां मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया है।

# श्रीराम पर विवादास्पद पुस्तक को लेकर घिरे बीजेपी एमएलए समाजवादी पार्टी ने लगाए आरोप

**रीवा।** हाल ही में तमिलनाडु के खेल मंत्री उदयनिनि स्टालिन ने सनातन धर्म को लेकर अमर्यादित टिप्पणी की तो कई जगहों पर विरोध किया गया. ये मामला अभी शांत नहीं हुआ कि अब एक ताजा विवाद सामने आ रहा है. समाजवादी पार्टी ने आरोप लगाया है कि ÷अम्बेडकर व पेरियार की दृष्टि में राम÷ विवादित किताब रीवा जिले के मऊगंज के बीजेपी विधायक प्रदीप पटेल ने लिखी है. इस किताब में हिंदुओं के आराध्य भगवान श्रीराम और सनातन धर्म पर अमर्यादित टिप्पणी की गई है.सपा ने लगाए आरोप ंकिताब का प्रकाशन मूल निवासी चेतना मंच, रीवा और मुद्रक लक्ष्मी नगर दिल्ली लिखा है. इसके अलावा किताब के एक पन्ने पर विधायक प्रदीप पटेल की फोटो




और उनका नाम भी छपा है. इस किताब में श्रीराम को लेकर आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया है. समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता यश भारतीय ने बीते 30 अगस्त को पत्रकार वार्ता आयोजित कर विधायक प्रदीप पटेल के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए थे. आरोप था कि बाबा अम्बेडकर के नाम पर बीजेपी विधायक प्रदीप पटेल द्वारा लिखी गई किताब में विवादास्पद बातें हैंविधायक ने किया इनकार ंवहीं, इस मामले में बीजेपी विधायक प्रदीप पटेल का कहना है कि ऐसी किसी भी किताब के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है. उनका कहना है कि न ही उन्होंने इस तरह की कोई किताब लिखी है और न ही उन्होंने ने अब तक कोई ऐसी किताब पढ़ी है. बीजेपी विधायक प्रदीप पटेल ने कहा कि उनके खिलाफ विरोधी लगातार षड्यंत्र रच रहे हैं. उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है. इस मामले की जांच कराकर कानूनी कार्रवाई कराई जाएगी।

## रीवा महिला की मौत के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए किया चकाजन

# इटौरा सड़क हादसे में पति और दो बच्चो के बाद पत्नी की भी हुई मौत. इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिजनों ने किया हंगामा मौके पर पहुंची पुलिस

**रीवा।** यमपुरी के नाम से विंध्य क्षेत्र के रीवा जिले में बने संजय गांधी अस्पताल ने एक और नया कारनामा कर दिखाया है,जहां विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में रविवार की दोपहर बाईपास सड़क हादसे में पांचवी मौत भी मंगलवार की शाम हो गई। मृतक महिला भावना कुशवाहा निवासी पड़रा सगरा की मौत से परिवार पर गमों का पहाड़ टूट पड़ा है। गौरतलब है कि इस सड़क हादसे में महिला के पति राजेश कुशवाहा, तीन साल की बेटी आराध्या की जहां मौके पर ही मौत हो गई थी वहीं सात दम तोड़ दिया था। इस प्रकार सड़क हादसे में दंपत्ति सहित बेटा %और बेटी की मौत हो गई। उल्लेखनीय है कि मारूति वैन में सवार यूपी के प्रयागराज के झुंसी निवासी नितेश क यादव की भी सोमवार को मौत हो गई थी। इस प्रकार इस विभत्स




सड़क हादसे में पांच लोगों की जान चली गई। दिल दहला देने वाला यह हादसा क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

**परिजन हुए आक्रोशित,**–दोपहर तक महिला की तबियत ठीक थी। वह बात भी कर रही थी। इसके बाद महिला को ब्लड चढ़ाया गया। जिसके बाद से उसकी हालत बिगड़ने बताया गया है कि अस्पताल के लगी। चिकित्सकों ने महिला को आईसीयू वार्ड में भर्ती महिला की सर्जरी आईसीयू वार्ड रेफर कर मौत पर परिजनों ने लापरवाही का दिया। जहां देर शाम महिला की आरोप लगाया है। परिजनों का चिकित्सकीय उपचार के दौरान कहना है कि भावना का ईलाज मौत हो गई। महिला की मौत पर आर्थोपेडिक वार्ड में किया जा परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाया है।

## जनसम्पर्क मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने सुअर पालकों का धरना कराया समाप्त

# जिन सुअरों की मौत बीमारी से हुई है उनके पालकों को मिलेगा मुआवजा –राजेंद्र शुक्ल

### पीड़ित परिवारों को 40 लाख रुपए की मुआवजा की जाएगी वितरित

**रीवा।** गत वर्ष रीवा जिले और नगर निगम क्षेत्र के कई वार्डों में अफ्रीकन स्वाइन फ्लू से बड़ी संख्या में सुअर संक्रमित हुए थे। शासन के निर्देशों के अनुसार बीमारी ग्रस्त सुअर की मौत पर पशुपालकों को मुआवजा राशि दी गई थी। कई सुअर पालकों द्वारा मुआवजा राशि की माँग के लिए कलेक्ट्रेट गेट के सामने लंबे समय से धरना दिया जा रहा था। जनसम्पर्क एवं पीएचई मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने धरना स्थल पहुंचकर पीड़ित परिवारों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने समझाइश देकर धरना समाप्त कराया। मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि जिन सूकरों की मौत बीमारी से हुई है उनके पालकों को मुआवजा दिया जाएगा। इसके लिए प्रारंभिक तौर पर 40 लाख रुपए मंजूर किए जा रहे हैं। एसडीएम सभी पीडित परिवारों की सूची दो दिवस में तैयार कर उनके बैंक खाता नम्बर तथा आईएफएस कोड के साथ प्रस्तुत करें। पीड़ित परिवारों के बैंक खाते में



मुआवजा राशि जारी कर दी जाएगी। मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि सुअर पालकों की सभी कठिनाईयों का समाधान किया जाएगा। आप सबके कल्याण की सदैव चिंता की गई है। हमारी सरकार आप के कल्याण और विकास में किसी तरह की कोर कसर नहीं छोड़ेगी। इस अवसर पर एडीएम शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम हुजूर अनुराग तिवारी, संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ राजेश मिश्रा तथा पीड़ित परिवारों के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# कलेक्टर प्रतिभा पाल का एक्शन कर्मचारियों के खाते में 1 तारीख को यदि वेतन नहीं तो डीडीओ की खैर नहीं

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने आज शासकीय कर्मचारियों के हित में बहुत बड़ा निर्णय लिया। उक्त निर्णय उन्होंने राजस्व आयुक्त के पत्र का संदर्भ देते हुए सभी आहरण सवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी कर्मचारियों का वेतन आवश्यक रूप से प्रत्येक माह की 1 तारीख तक उनके खाते में पहुंचना सुनिश्चित करें। जारी पत्र में कलेक्टर ने कहा है कि प्रायः देखा जाता है कि कई डीडीओ 1 तारीख को वेतन न देकर कोई ना कोई हीला हवाली करते हुए 10 तारीख तक वेतन भुगतान करते हैं। इसके अतिरिक्त कलेक्टर के संज्ञान में यह बात लाई गई थी किअधिकांश कर्मचारियों ने बैंक से लोन लेकर रखा है जिसकी मासिक ईएमआई 2 तारीख से प्रारंभ हो जाती है। वेतन विलंब से मिलने के कारण जहां ईएमआई प्रभावित होती है, बाउंसिंग चार्ज देना पड़ता है इसके अतिरिक्त कर्मचारियों की सिविल भी खराब हो जाती है। जिस कारण से कर्मचारियों को चहुंओर आर्थिक आर्थिक हानि उठानी पड़ती है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कठोर कदम उठाते हुए जिले के सभी आहरण संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रत्येक माह की 1 तारीख को शासकीय कर्मचारियों के खाते में वेतन की राशि भुगतान सुनिश्चित करें।



# अधूरे सड़क निर्माण सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर सिलचट गांव में धरना प्रदर्शन 15 सितंबर को

## धरना में सामाजिक संगठन सहित कई दिग्गज नेताओं के शामिल होने की संभावना है

**रीवा** जिले के जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ागांव टोला सिलचट में आधे अधूरे सड़क निर्माण एवं पंचायत के विभिन्न समस्याओं को लेकर सिलचट टोला के समस्त ग्रामवासी 15 सितंबर को समय 10ः00 से बड़ागांव से सिलचट की ओर जाने वाली रास्ता में अपनी मांगो को लेकर धरना पर बैठेंगे धरना का नेतृत्व करने में मुख्य रूप से अविनाश चतुर्वेदी,शिवेश चतुर्वेदी,आलोक चतुर्वेदी,सोनू चतुर्वेदी,श्रीकांत चतुर्वेदी, ललिता कोल अर्जुन साकेत,भैयालाल सेन, गिरिजा केवट रामानुज चतुर्वेदी,शिवेंद्र चतुर्वेदी अखिलेश चतुर्वेदी, मुस्ताक खान रिंकू पांडे सहित गांव के जनता जनार्दन मौजूद रहेंगे यह धरना तब तक चलता रहेगा जब तक प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा समस्या का समाधान नहीं कर दिया जाएगा।




**धरना के प्रमुख रूप से बिंदु**

(1)- ग्रेवल सडक के अधूरे निर्माण कार्य को तत्काल पूरा कराया जाए।

(2)- पात्र हितग्राहियों का सर्वे कराकर शौचालय की व्यवस्था करवाया जाए।

(3)- समग्र आईडी सहित खाद्यान्न पर्ची की समस्याओं का समाधान किया जाए।

(4)- सिलचट टोला के ग्रामीणों को आवास योजना का लाभ दिलाया जाए।

(5)- सिलचट मार्ग से सत्यनारायण चतुर्वेदी के घर की ओर 300 मीटर पीसीसी सड़क का निर्माण किया जाए जो की भूमि स्वामियों द्वारा जमीन को शासकीय करा दिया गया है।

(6)- आंगनवाड़ी भवन का अधूरा कार्य पूरा किया जाए साथ ही पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिलचट में बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया जाए।इन सभी समस्याओं को जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा गंभीरता से लेकर तत्काल ग्रामीणों की समस्या को समाधान कराया जाए ताकि ग्रामीणों को समस्या से निजात मिल सके अगर इन समस्या का समाधान 10 दिन के अंदर नहीं होता तो अगले धरना की भी तैयारी भी बहुत जल्द की जाएगी।

जिला पंचायत भिण्ड में हुआ मेरी माटी मेरा देश अभियान कार्यक्रम

# सांसद,विधायक,जिला पंचायत अध्यक्ष ने उपस्थित लोगो को शपथ दिलाई




पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार नेहरू युवा केंद्र संगठन जिला भिण्ड एवं जिला प्रशासन के सहयोग से मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत आज जिला पंचायत कार्यालय भिण्ड में सांसद मती संध्या सुमन राय,विधायक संजीव सिंह कुशवाह,जिला पंचायत अध्यक्ष कामना सिंह भदौरिया, कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव,सीईओ जिला पंचायत मनोज सरियाम, ने शपथ ली और उपस्थित लोगो को शपथ दिलाई। जिला शिक्षा अधिकारी हरीभुवन सिंह तोमर एवं अन्य अधिकारियो की मौजूदगी में अमृत कलश यात्रा का सांसद, जिला पंचायत अधक्ष्य एवं विधायक द्वारा अमृत कलश में माटी-चावल-पुष्प डालकर शुभारंभ किया गया। अभियान की शुरुआत करते हुए माननीय सांसद महोदया की अध्यक्षता में सभी ने पंच प्रण की शपथ लिया और प्रण लिया कि सभी देश को विक्षित करने हेतु सदैव प्रयत्नशील रहेंगे। अभियान में नेहरू युवा केंद्र भिण्ड के जिला युवा अधिकारी आशुतोष साहू के सहित रामसेवक मौर्य, धर्मवीर सिंह, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक भारती, कीर्ति तिवारी, आशुतोष शर्मा, अंकित दुबे, जनसेवा मित्र पल्लवी, हेमलता और प्रियंका मौजूद रहे। साथ ही भीम नगर युवा मंडल से सुनील कौशल, नीरज गर्ग एवं अन्य सदस्यों ने कार्यक्रम में सहयोग किया।

# प्रतिबंधित रेत का अवैध रूप से परिवहन करते हुए ट्रक को पकड़ा, आरोपी चालक फरार

मुरैना। पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिहं चौहान निर्देशन एवं मार्गदर्शन में अवैध रूप से रेत तथा खनीज पदार्थों का उत्खन्न तथा परिवहन की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना सरायछोला पुलिस ने अल्ला बेली चौकी पर चेकिंग के दौरान बुधवार की सुबह रेत का अवैध परिवहन करते हुए ट्रक को जप्त कर लिया है, जबकि आरोपी ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया।मुखबिर सूचना पर कार्यवाही करते हुये थाना प्रभारी दर्शन लाल शुक्ला ने पुलिस टीम के साथ अल्लाबेली चेंकिग पॉईट पर ट्रक क्रमांक आरजे11-जीए- 9250 को रोकने का प्रयास किया, परंतु ट्रक के चालक द्वारा ट्रक को नहीं रोका गया। बाद में पुलिस पार्टी द्वारा ट्रक को रोकने का प्रयास किया गया तो ट्रक का चालक ट्रक को चालू




हालत में हाईवे पर चलते हुए ट्रक से कूद गया। जनहानि की घटना को रोकने का प्रयास करते समय ट्रक ड्रायवर मौके से भागने में सफल हो गया। बाद में उक्त ट्रक डिवाईडर से टकराकर रूक गया, जिसे थाना सरायछोला पुलिस ने जप्त कर चालक के विरुद्ध धारा 379, 414, 279, 336 ताहि तथा धारा 18 (1) म.प्र. खनिज (अवैध खनन परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) अधिनियम 2006 तथा धारा 21 खान एवं खनिज (विनिमय एवं विकास ) अधिनियम 1957 का मामला दर्ज किया है। बरामद किए गए रेत एवं ट्रक की कुल कीमत 25 लख रुपए बताई गई है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी सरायछौला निरीक्षक दर्शन शुक्ला, उनि अविनाश सिंह राठौड, उनि सौरभपुरी, प्र. आर. भानू यादव, आर. जीतेन्द्र गुर्जर, आशाराम गुर्जर, असगर, लखनप्रताप, धर्मेन्द्र, राधेश्याम, रामलक्ष्मण, वीरेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही।



## 11 माह से फरार चल रहे दो-दो हजार रूपये के दो इनामी आरोपी पुलिस की गिरप्त में

पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक एवं एसडीओपी मेहगाँव दीपक तोमर के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे फरारी इनामी आरोपियों की धरपकड के पालन में आज दिनांक 13/09/23 को 2000-2000 हजार रूपये के इनामी आरोपियों को एक 12 बोर की अधिया व एक 315 बोर का कट्टा व दो राउण्ड के साथ गिरफ्तार किया गया है।दिनांक 13/09/23 को थाना अमायन के अप.क्र. 122/22 धारा 307,323,294,506, 336,34 भादवि. 25, 27 आर्म्स एक्ट में फरार चल रहे 2000-2000 हजार रूपये के दो इनामी आरोपियों को अडोखर मोड़ की पुलिया के पास से एक 12 बोर की अधिया मय जिन्दा राउण्ड व एक 315 बोर का कट्टा मय जिन्दा राउण्ड के साथ गिरफ्तार किया गया जिन्हे आज दिनांक 13/09/23 को न्यायालय पेश किया जा रहा है।

समजवादी पार्टी से चुनाव लड़ने का गुढ़ विधानसभा से येलान कर चुके राकेश पाण्डे

# राकेश पाण्डे जनदर्शन के दौरान गुढ़ विधानसभा क्षेत्र पहड़िया, रायपुर, बक्छेरा, रउरा मे पहुँच कर लोगो से जनसम्पर्क किया

**रीवाझ्र गुढ़।** गुढ़ विधानसभा में आगामी चुनाव के लिए कई पार्टियों अपना जोड़-तोड़ आजमा रही है। उसी कड़ी में गुढ़ विधानसभा से कई वर्षो से गुढ़ विधानसभा की जनता की मांग थी कि इस बार गुढ़ विधानसभा में हमारे गुढ़ से लोकल नेता दावेदार होना चाहिए वह किसी भी पार्टी का लेकिन कांग्रेस और बीजेपी दोनों ही बाहरी प्रत्याशियों की तरफ टिकट देने का मन बना रही है। लेकिन गुढ़ विधानसभा से टिकट देने का किसी का मन नहीं दिख रहा है। जिस वजह से समाजवादी पार्टी से गुढ़ विधानसभा से इस बार गुढ़ के लोकल व्यक्ति इस बार गुढ़ विधानसभा से लोगों की मांग को देखते हुए चुनाव लड़ने का ऐलान किया है जहां वह समाजवादी पार्टी



से राकेश पाण्डे द्वारा चुनाव लड़ने का आव्हान कर दिया है और साथ ही गुढ़ विधानसभा की जनता से सघन जन संपर्क जारी कर दिया है। जहां राकेश पाण्डे क्षेत्रीय जनों से मुलाकात की और लोगो से क्षेत्रीय समस्याओं के बारे में जानकारी ली और जल्दी ही क्षेत्रीय समस्या का निराकरण करने का आश्वासन दिया। राकेश पांडे ने समाजवादी पार्टी के द्वारा इस बार चुनाव लड़ने का आवाहन किया है जहां उन्होंने क्षेत्रीय लोगों से सहयोग मागा गुढ़ विधानसभा से इस बार समाजवादी पार्टी के लिए लोगो मे भारी उत्साह दिख रहा है। और साथ ही गुढ़ की जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। जहा गुढ़ विधानसभा मे जनता जनार्दन द्वारा भव्य स्वागत किया गया। वही क्षेत्रीय जनों द्वारा क्षेत्रीय जन समस्याओं से अवगत कराया गया जिस दौरान क्षेत्र के बड़े बुजुर्ग और महिलाओं के साथ युवा वर्ग उपस्थित रहे।

# जौरा पुलिस ने पकड़ी 7 पेटी अवैध शराब, 10 स्थाई वारंटी भी हुए गिरफ्तार

**मुरैना।** जिले भर में पुलिस पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं परिवहन करने वाले माफियाओं के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, वहीं स्थाई वारंटी कि घर पकड़ के दौरान 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।मिली जानकारी के अनुसार नगर निरीक्षक आलोक सिंह परिहार को ग्राम अलापुर में अवैध शराब होने की जानकारी मिलने पर मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर की गई छापामार कार्यवाही में भूसे में छुपाकर रखी गई 7 पेटी अवैध देशी शराब पकड़ी गई।



उक्त अवैध शराब अतरा उर्फ अतर सिंह जाटव के यहां मिली। पुलिस ने मौके से आरोपी अतर सिंह जाटव को गिरफ्तार किया गया है, वहीं स्थानीय पुलिस ने काफी समय से फरार चल रहे स्थाई वारंटी नीरज शर्मा बिलगांव, धर्मेंद्र सांवलिया का पुरा, रमेश कुशवाह डगरिया पुरा, रामअवतार यादव परसोटा, जगन्नाथ, घनश्याम खिरिया, कला सिंह कुशवाह पुराना जौरा को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में उपनिरीक्षक सुरेश मिश्रा, यशपाल सिंह, गुलाब सिंह बाथम, भूपेंद्र सिंह, रामेंद्र सिंह, गुलाब सिंह जाटव, जितेंद्र सिंह, नकुल सिंह, प्रवीण आदि पुलिसकर्मियों का सराहनीय योगदान रहा।

# हाईवे पर ट्रैक्टर ट्राली में ट्रक ने मारी टक्कर, एक की मौत, एक घायल

**मुरैना।** सराय छोला थाना अंतर्गत बाबा देवपुरी के पास



नेशनल हाईवे पर बुधवार की सुबह मुरैना से धौलपुर जा रहे एक ट्रैक्टर ट्राली को सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे एक युवक की मौत हो गई तथा दूसरा घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक युवक का पीएम करने के बाद लाश उसके परिजनों को सौंप दी गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार रघुराज पुत्र केशव प्रजापति 34 वर्ष निवासी शहनाई रिसोर्ट के पास जौरा रोड मुरैना अपनी मौसी के लड? धर्मेंद्र पुत्र केदार प्रजापति निवासी विशाल कान्वेंट स्कूल के पास के साथ ट्रैक्टर ट्राली से धौलपुर जा रहा था। बुधवार की सुबह जब उसकी ट्रैक्टर ट्राली बाबा देवपुरी मंदिर के पास पहुंची तो नेशनल हाईवे पर सामने से आ रहे एक ट्रक ने जबरदस्त टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में रघुराज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि धर्मेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद ट्रक चालक को ट्रक सहित पकड़ लिया गया है तथा पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। इधर पुलिस द्वारा मृतक का पीएम कराकर लाश उसके परिजनों को सौंप दी है।

## जिला पंचायत सीईओ डा. इच्छित गढपाले ने दिव्यांग रेली को हरी झण्डी दिखाकर दिव्यांगो को किया रवाना...



केशब पंडित जी
अम्बाह...

**मुरैना...** 13 सितम्बर आज आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 में चुनाव आयोग की मंशा के अनुरूप मतदान करने के लिये जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में दिव्यांगों ने रैली निकालकर मतदान करने का संदेश दिया। रैली को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. इच्छित गढ़पाले ने बुधवार को नवीन कलेक्ट्रेट प्रांगण से रवाना किया। दिव्यांगों का एक ही नारा ÷दिव्यांग चले बूथ की ओर आप भी चलें साथ-साथ आंधी आये या तूफान- मतदान हम जरूर करें। रैली में यही आवाज सुनाई दे रही थी। दिव्यांगों ने उत्साह एवं उमंग के साथ तख्ती, बैनर लगाकर शहर के प्रमुख मार्गों से रैली क निकाला। रैली कलेक्ट्रेट से रवाना होकर नेशनल हाईवे, बेरियर चौराह, एमएस रोड़, केशव कॉलोनी, गांधी कॉलोनी, पुराना बस स्टेण्ड के मार्गो से होती हुई रैली पंडित रामप्रसाद बिस्मिल शहीद संग्राहलय पर पहुंची, जहां जिला पंचायत सीईओ डॉ. गढ़पाले ने सभी दिव्यांगों को शपथ दिलाई, कि हम मतदान अवश्य करेंगे। इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर श्री देवेन्द्र सिंह चौहान, जनसम्पर्क विभाग सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में दिव्यांग अपनी-अपनी ट्रायस्किल से शामिल हुये।

सिटी बस न चला पाने वाले रोक रहे हैं रेल - भाजपा

# भाजपा शासनकाल में बस्तर ने पहली बार देखी रेल ,छत्तीसगढ़ में रेल सुविधाओं के उन्नयन के लिए मोदी सरकार ने दिए हैं 23 हजार 532 करोड़

संवाददाता
किरीट तिवारी रायपुर

**रायपुर।** भाजपा सांसद सुनील सोनी, संतोष पाण्डेय, मोहन मंडावी ने कांग्रेस के रेल रोको आंदोलन को कांग्रेस की निरी मूर्खता करार

**इस वित्तीय वर्ष में छत्तीसगढ़ के लिए 6 हजार करोड़ का आवंटन**

देते हुए कहा कि रेल सुविधा की मांग करने के लिए कांग्रेस ही रेल रोककर जनता को परेशान कर सकती है। जो लोग सिटी बस नहीं चला पा रहे वे रेल के लिए आंदोलन करने चले हैं। भ्रम फैलाना कांग्रेस का राष्ट्रीय चरित्र है। छत्तीसगढ़ में यह काम अब तक भूपेश बघेल कर रहे थे, अब उनके कठपुतली अध्यक्ष दीपक बैज भी इसमें शामिल हो गए। दीपक बैज एक सांसद भी हैं तो उन्हें यह अच्छी तरह ज्ञात है कि छत्तीसग? को मोदी सरकार ने रेलवे सुविधाओं के क्षेत्र में प्राथमिकता के साथ क्या क्या दिया है। रेल सुविधाओं के विकास, विस्तार और संरक्षा के लिए जो काम भारतीय रेल कर रही है, वह जनता की सुविधा के लिए ही है। जनता की सुरक्षा के लिए है। कांग्रेस ने 50 साल में रेलवे को पटरी से उतार कर रखा। यात्री सुविधाओं से वंचित रखा। छत्तीसग? में कई इलाकों में भाजपा की सरकार में ही रेल पहुंची है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेल का कायाकल्प हो रहा है। छत्तीसग? को मोदी सरकार ने जितनी रेल सुविधा उपलब्ध कराई है, कांग्रेस दशकों में भी इसकी चौथाई यात्री रेल सेवा उपलब्ध नहीं करा सकी। कांग्रेस अपने जमाने की रेलों का स्मरण करे और आज की भारतीय रेल को देखे। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के लिए रेलवे क्षेत्र में इस वित्त वर्ष में 6 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया।भाजपा सांसद सुनील सोनी, संतोष पाण्डेय, मोहन मंडावी ने कहा कि 2009 से 2014 के केंद्र में कांग्रेस काल के दौरान छत्तीसगढ़ को सालाना केवल ? 311 करोड़ आवंटित किये जाते थे। परंतु 2023-24 में रेल बजट में छत्तीसगढ़ के लिए ? 6,008 करोड़ आवंटित किये गये हैं। यह 2009 से 2014 तक के वर्षों के दौरान किए गए आवंटन की तुलना में 19 गुना अधिक है। इसके अलावा, 2014 से लेकर 2022 तक 147 किलोमीटर लंबी नई रेलवे लाइनें बिछाई गई और 472 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइनों का दोहरीकरण एवं तिहरीकरण भी इस बीच हो चुका है। यानि 2009-2014 में एक भी नई रेल लाइन ना बनने के बाद 2014-22 के बीच हर साल औसतन 18 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइनें बिछाई गई और 2009-14 के औसतन 19 किलोमीटर के मुकाबले 2014-22 के बीच औसतन 59 किलोमीटर लाइन का दोहरीकरण एवं तिहरीकरण किया गया। दल्लीराजहारा रावघाट नई रेल लाइन, खरसिया- घरमजयगढ़ नई लाइन, बिलासपुर- उरकुरा तीसरी लाइन, दुर्ग-राजनांदगांव तीसरी रेल लाइन, अनूपपुर-बिलासपुर दोहरीकरण, बिलासपुर-झारसुगड़ा तीसरी रेल लाइन और चौथी रेल लाइन और पेंडरा रोड-अनूपपुर तीसरी रेल लाइन जैसी परियोजनाओं का समापन हो चुका है। इसके अतिरिक्त ? 23,532 करोड़ लागत की 1,214 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन बिछाने और ?4,953 करोड़ की लागत की 651 किलोमीटर लंबी लाइनों का दोहरीकरण एवं तिहरीकरण करने की परियोजनाओं को मंजूरी दे दी गई है।

कांग्रेस के कुशासन, भ्रष्टाचार और वादाखिलाफी से पूरा प्रदेश त्रस्त - चंदेल

# कांग्रेस के लोग यह बात भी अच्छी तरह समझ लें कि उनके किसी भी झाँसे में छत्तीसगढ़ का आदिवासी नहीं आने वाला है

**गंगाजल की कसमें खाकर अपने वादों से साफ मुकर जाना कांग्रेस के राजनीतिक चरित्र का प्रमाण**

**रायपुर।** विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने मंगलवार को दंतेवाड़ा से शुरू हुई भाजपा की परिवर्तन यात्रा को लेकर कांग्रेस द्वारा पत्रकार वार्ता में की गई टिप्पणी को अनर्गल प्रलाप बताया है। श्री चंदेल ने कहा कि कांग्रेस के कुशासन, भ्रष्टाचार और वादाखिलाफी से पूरा प्रदेश संत्रस्त है और अब प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिए तैयार है, और इसी डर से सहमे कांग्रेस के लोग गाहे-बगाहे रोज नया झूठ गड़कर प्रदेश को गुमराह करने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं।विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि यात्रा के शुभारंभ के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दंतेवाड़ा नहीं पहुँच पाने पर जिस तरह भीड़ नहीं जुटने का झूठ परोसने में कांग्रेस के लोग लगे हैं, वह झूठी वाहवाही बटोरकर ओछी राजनीति करती कांग्रेस की राजनीतिक संस्कृति का घिनौना प्रदर्शन ही है। श्री चंदेल ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह के लिए देश और उसकी समस्याओं का समाधान व देश के विकास के मुद्दे पहली प्राथमिकता हैं और पार्टी उनकी दूसरी प्राथमिकता है। जब भी देश और पार्टी में अपनी भूमिका निभाने का अवसर आता है, भाजपा पहले देश के मुद्दे को प्राथमिकता देती है और श्री शाह ने आज भाजपा के इसी स्पष्ट दृष्टिकोण का निर्वाह किया है। श्री चंदेल ने कहा कि दंतेवाड़ा में भाजपा की परिवर्तन यात्रा के शुभारंभ के मौके पर उमड़ा जनसैलाब अगर कांग्रेस के लोगों को नजर नहीं आया है तो कांग्रेसियों को किसी नेत्र रोग विशेषज्ञ से मिलकर अपना इलाज करा लेने की जरूरत है। अब कांग्रेस के लोग यह बात भी अच्छी तरह समझ लें कि उनके किसी भी झाँसे में छत्तीसगड़ का आदिवासी नहीं आने वाला है। अब आदिवासी महिला राष्ट्रपति के अपमान का बदला चुकाकर प्रदेश के आदिवासी कांग्रेस को कूड़ेदान की शोभा बनाने वाले हैं।विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि कांग्रेस नेताओं को लगातार झूठ परोसते शर्म महसूस होनी चाहिये। परिवर्तन के दावे करती कांग्रेस ने भाजपा के सुशासन को अपने कुशासन में परिवर्तित किया है। पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त छत्तीसगड़ को भ्रष्टाचार और घोटालों के दलदल में धँसा दिया। प्रदेश के हर वर्ग के साथ कदम-कदम पर छल-कपट और वादाखिलाफी कांग्रेसी कुशासन के परिवर्तन के दावों का काला सच है। महिलाओं के साथ अनाचार की बड़ती वारदातों के बावजूद परिवर्तन का दंभ भरती कांग्रेस के राज में आज कोई भी सुरक्षित नहीं है। श्री चंदेल ने कहा कि महिला समूहों से रेडी टू ईट छीनकर एक झटके में हजारों महिलाओं के रोजगार पर लात मारने वाली कांग्रेस किस मुँह से परिवर्तन का दावा कर रही हैड़ गंगाजल की कसमें खाकर अपने वादों से साफ मुकर जाना कांग्रेस के राजनीतिक चरित्र के परिवर्तन का द्योतक है।विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि शराब, चावल, गौठान, कोयला, रेत, पीएससी, पीडीएस यानी सभी में कमीशनखोरी और घोटालों की सारी हदें पार कर चुकी कांग्रेस क्या इसे अपने राज का परिवर्तन बता रही हैड़ श्री चंदेल ने कहा कि धर्मांतरण को राजनीतिक संरक्षण देकर आदिवासियों की संस्कृति को नष्ट करने का काम करके कांग्रेस सरकार आदिवासी संस्कृति की रक्षा की जुमलेबाजी किस मुँह से कर रही हैड़ कांग्रेस के कुशासन में एक ही परिवर्तन आया है कि भाजपा शासन काल में जिस छत्तीसगड़ को सुशासन और विकास की तेज रफ्तार के लिए पहचाना जाता था,

## भाजपा ने पूछा : लाखों युवकों को रोजगार देने का ढिंढोरा पीटकर झूठ का रायता फैलाती प्रदेश सरकार बताए, सिर्फ 61 पदों के लिए 52 हजार आवेदन कैसे जमा हुए?

**भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व विधायक रंजना साहू ने कहा : भूपेश सरकार के दावों की पोल फिर काँकेर में खुली है, केवल भृत्य के हर एक पदों के लिए लगभग 2200 आवेदन जमा हुए हैं**

%विज्ञापनों में 5 लाख नौकरी देने का दावा और विधानसभा में केवल 20 हजार नौकरी देने की बात स्वीकार की; बेरोजगारों का मखौल बनाने वाली भूपेश सरकार को युवा बेरोजगार उखाड़ फेंकेंगेअपनी योग्यता के बूते नई-नई सरकारी नौकरी पाने वाले युवाओं के शोषण के लिए गलत तरीके तक इस्तेमाल कर उनके वेतन पर भी डाका डाला प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने ¬ रंजनारायपुर। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता व विधायक रंजना साहू ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार रोजगार देने के चाहे जितने झूठे दावे करके छत्तीसगढ़ को बरगलाने की नाकाम कोशिश करे, सच्चाई खुद-ब-खुद सामने आकर प्रदेश सरकार के दावों को खोखला साबित कर देती है। श्रीमती साहू ने कहा कि करो?ें रुपए पानी की तरह बहाकर बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाकर लाखों युवकों को रोजगार देने का झूठ परोसकर अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बन रही प्रदेश सरकार के दावों की पोल एक बार फिर काँकेर में खुली है,

# सेवा निवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ जिला ग्वालियर की बैठक

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**
**ग्वालियर।** 13 सितम्वर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ.शिव कुमार मिश्र (से. नि. एडीएम)ने कहा कि पेंशनरो ने शासन के प्रतिनिधि बनकर समाज की सेवा में अपना जीवन लगाया है उन्हें आयुष्मान योजना का लाभ शासन को मानवीय दृष्टिकोण से देना ही चाहिए तथा मंहगाई भत्ते मे बाधक राज्य पुर्नगठन अधिनियम 2000 की धारा 49/6 को केंद्र सरकार को समाप्त कर पेंशनरों के अधिकारों की रक्षा करना चाहिए इस धारा के कारण पेशनरों को समय पर डी आर का लाभ नही मिल पा रहा है। यही नहीं वर्ष 2006 मे माह जनवरी से जून 2006 तक मिलने वाली वेतन वृद्धि भी मिलनी चाहिए।जो कि उ प्र सरकार द्वारा अपने पेंशनरो को दी जा चुकी है।म प्र के कई लाख पेंशनर इस परिधि में आतेहैं। मुख्य अतिथि भारतीय मजदूर संघ जिला ग्वालियर एवं दतिया के विभाग पृमुख भू दयाल पाठक ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ जिले से लेकर मध्यपृदेश शासन एवं भारत सरकार के समक्ष पेंशनरों की मांगो के निराकरण के लिए पूर्ण रूप से सहयोग करेगा। भारतीय मजदूर संघ अपने स्तर पर निराकरण हेतु पहल कर रहा है पेंशनरो को बीमारी में इलाज की सुविधा हेतु आयुष्मान योजना का लाभ मिलना चाहिए।अध्यक्षीय उदवोधन मे पेशनर महासंघ के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार शर्मा ने कहा कि धारा 49/6 की समाप्ति के लिए महासंघ पृयास रत है पेंशनरों के एरियर के लिए माननीय उच्च न्यायालय से व्यक्तिगत रिट में फैसला हो गया है अव सामुहिक रुप से रिट लगाने का निर्णय लिया गया है।सभा को संगठन के मार्गदर्शक श्री श्रीराम गोयल ने संबोधित करते हुए कहा कि पेंशनर के भले ही कई संगठन है किंतु मांगे एक ही है।हमे शासन



से अपेक्षा है कि आयुष्मान योजना का लाभ शीघ्र पेंशनरो को देने की घोषणा करेगी।सभा को उड़ीसा क्रिया योग मुख्यालय से पधारे क्रिया योग के आचार्य श्री परिपूर्णानंद जी ने विशिष्ट अतिथि की आसंदी से सभा को संबोधित करते हुए क्रियायोग के द्वारा ध्यान करने के बिषय मे उपस्थित पेंशनरो से इस प्रक्रिया को जीवन मे अपनाकर स्वस्थ रहनेका आव्हान किया।स्वामी जी ने धन की आवश्यकता का महत्व बताते हुए कहा कि धन की आवश्यकता पैर के जूते की तरह है।जिस तरह जूता पैर से छोटा है तो पैर को काटेगा और यदि बड़ा है तो चलते नही बनेगा।प्रायवेट ट्रांसपोर्ट यूनियन के प्रांतीय अध्यक्ष योगेश शर्मा ने पेंशनर की समस्याओ । समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री जी से शीघ्र निराकरण करने का निवेदन किया।सभा का संचालन पेशनर महासंघ के जिला सचिव के सी शर्मा ने किया।आभार व्यक्त श्री गोपाल सिंह तौमर सेवा निवृत तहसीलदार ने किया।कार्यक्रम मे लगभग पचास सदस्य शामिल रहे।जिनमे प्रमुख रुप से रामकुमार गुप्ता, दिलीप मिश्रा, पुरुषोत्तम पाराशर,दिनकरशर्मा, देवसिंहकुशवाह, ओमप्रकाश शर्मा, डा गोपालगुप्ता, डा बी पी गुप्ता ,चन्द्रमोहनशर्मा,सुरेश चन्द्र मुड़िया, उत्तमचंद, सुरेंद्रबाबू द्विवेदी, वनीसिंहवर्मा, अशोकभटनागर, गोपालसिंह तोमर,योगेन्द्रसिंह भदौरिया, ओमशंकरशर्मा, मुकेश सेठी,जगरामशाक्य , हरीप्रकाशश्रीवास्तव ,वृजमोहन तिवारी,बाबूरामशर्मा, बालकुमार तिवारी,रामेश्वरमदयाल शर्मा, महेशदत्त शर्मा, रामनिवास शर्मा,आदित्य कुमार पृधान, राजकुमार माहौर,दिनेश अग्रवाल, रामप्रकाश सेन,दिनेशसिंह परिहार, अशोककुमार मिश्रा,अविनाश कान्हेरे, श्रीमती मंजूलता गुप्ता,मुकेश जैन,उपेंद्रकस्तुरे आदि उपस्थित थे।सभा का समापन कल्याण मंत्र के साथ किया गया।

# तस्करों से अर्टिका कार में जप्त हुआ 02 लाख 60 हजार रूपये का 65 किलो डोडा चूरा

**रहीश भैया/**
**ग्वालियर।** आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक ग्वालियर राजेश सिंह चंदेल के निर्देशानुसार ग्वालियर जिले में अवैध मादक पदार्थो, अवैध शराब एंव अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त करने वालों के विरूद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में अति0 पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ग्रामीण निरंजन शर्मा व डीएसपी अपराध षियाड़.के.एम, के द्वारा थाना मोहना व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम को थाना मोहना क्षेत्र के टीकला तिराहा ए.बी रोड पर वाहन चैकिंग करने के निर्देश दिये गये।वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में डीएसपी अपराध द्वितीय नगेन्द्र सिंह सिकरवार एंव एसडीओपी घाटीगांव संतोष पटेल के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अपराध निरी0 अमर सिंह सिकरवार व थाना प्रभारी मोहना निरी0 धर्मेन्द्र सिंह कुशवाह के द्वारा थाना मोहना व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम को थाना मोहना क्षेत्र के टीकला तिराहा ए.बी रोड पर वाहन चैकिंग करने हेतु लगाया गया। पुलिस टीम द्वारा वाहन चैकिंग के दौराने एक सफेद रंग की



अर्टिका गाड़ी आती हुई दिखी जिसने



पुलिस चैकिंग को देखकर कार वापस लौटाने का प्रयास किया, परन्तु मुस्तैदी से चैकिंग कर रही पुलिस टीम द्वारा गाड़ी को घेराबंदी कर रोक लिया गया। पुलिस टीम को कार के अंदर तीन संदिग्ध व्यक्ति बैठे दिखे पूछताछ करने पर उनके द्वारा पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया गया। पूछताछ में तीनों संदिग्ध छवडा जिला बारा राजस्थान के रहने वाले ज्ञात हुये। पुलिस टीम द्वारा कार की तलाशी लेने पर कार की पिछली सीट व डिग्गी में प्लास्टिक की बोरी रखी हुई पाई गई जिन्हे खोलकर देखा गया तो उनमें डोडा चूरा भरा हुआ पाया गया। जिसकी तोल कराने पर 65 किलो डोडा चूरा कीमती लगभग 02 लाख 60 हजार रूपये का होना पाया गया एंव अवैध मादक पदार्थ परिवहन में उपयोग लाई गई अर्टिका कार कीमती करीबन 09 लाख रूपये एंव डोडा चूरा को विधिवत जप्त किया जाकर उक्त तीनों तस्करों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध थाना मोहना में एनडीपीएस की धारा 8/15 का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पकड़े गये तस्करों से प्रारम्भिक पूछताछ में ज्ञात हुआ कि डोडा चूरा राजस्थान से लेकर ग्वालियर ला रहे थे।

**जप्त मशरूका**-65 किलो डोडा चूरा कीमती लगभग 02 लाख 60 हजार रूपये एंव



अर्टिका कार कीमती करीबन 09 लाख रूपये, कुल जप्त मशरूका 11 लाख 60 हजार रूपये।

**सराहनीय भूमिकाः**- थाना प्रभारी अपराध निरी0 अमर सिंह सिकरवार व थाना प्रभारी मोहना निरी0 धर्मेन्द्र सिंह कुशवाह उनि0 आशीष शर्मा, आर0 सोनू परिहार, राहुल दुबे, श्याम शर्मा, सौरव चौहान, मनीष कटारे, सायबर से आर0 कपिल पाठक, सोनू प्रजापति, उनि0 अजय पाल, सउनि0 बालकृष्ण, आर0 अमित शाक्य, थानसिंह, रोहत शिवहरे आदि स्टाफ मौजूद रहा

## विजय पथ पर निकला भाजपा का परिवर्तन रथ

# भ्रष्ट, निकम्मी, झूठी सरकार को उखाड़ फेंकें- अरुण साव

### भाजपा सरकार के कार्यों का स्मरण कराने आया हूं- डॉ. रमन

### भाजपा प्रदेश प्रभारी माथुर ने दिखाई रथ को हरी झंडी

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में विजय के संकल्प के साथ आज बस्तर के दंतेवाड़ा में मां दंतेश्वरी की आराधना और विशाल आम सभा के बाद भाजपा की परिवर्तन यात्रा के रथ को छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के प्रभारी ओम माथुर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री अरुण साव के नेतृत्व में दंतेवाड़ा से आरंभ हुई परिवर्तन यात्रा में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव ने अपने जोशीले भाषण में कांग्रेस सरकार पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार झूठ की सरकार है, वादा खिलाफी करने वाली सरकार है, इस सरकार को उखाड़ फेंकिए। बस्तर को विकास की यात्रा में फिर से शामिल करना है। बस्तर की जनता कुर्सी में बैठाना जानती है तो उठाना भी जानती है। 5 साल से बस्तर का विकास ठप है बस्तर के 12 विधायक आदिवासी भाइयों बहनों को लूटने का काम कर रहे हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं का अकाल है। टारगेट किलिंग चल रही है। बस्तर के लोगों को प्रधानमंत्री आवास से वंचित रखा गया है। नौजवानों को रोजगार नहीं मिल रहा। यदि बस्तर के लोग बिजली, पानी, स्वास्थ्य सुविधा, सड़क चाहते हैं तो यह सिर्फ भाजपा दे सकती है। 15 साल तक भाजपा ने बस्तर को वह सब दिया है। जो कांग्रेस 50 साल में नहीं दे सकी। हम गांव जाते हैं तो एक ही आवाज आती है कि इसी साल छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाएंगे और अगले साल लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएंगे। श्री साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार बनाना है तो नवंबर में कमल खिलाना है बस्तर की 12 की 12 सीट भाजपा की झोली में दें और कांग्रेस की भ्रष्टाचारी सरकार, अत्याचारी सरकार, झूठी सरकार से छुटकारा पाएं।भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कांग्रेस सरकार के 5 साल में सामने आए सारे घोटालों का उल्लेख करते हुए भूपेश बघेल सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि 2000 करोड़ रुपए का शराब घोटाला किया गया। 500 करोड़ कोयला में खा गए। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए मोहन मरकाम ने विधानसभा में डीएमएफ घोटाले का आरोप लगाया। डॉ.रमन सिंह ने कहा कि सीधी बात करने आया हूं। आपके आशीर्वाद से डॉ. रमन तीन बार मुख्यमंत्री रहा है। यह आपका आशीर्वाद है। आपके साथ कंधे से कंधे मिलाकर विकास की कल्पना को साकार करने का काम किया है। बस्तर के कई मुद्दे थे। 2003 में मेरे मुख्यमंत्री बनने के पहले बस्तर की सबसे बड़ी समस्या थी नमक। नमक के बदले हमारे वनवासियों की कीमती वनोपजों को लूटा जाता था। नमक शोषण का औजार बन गया था। उससे मुक्ति दिलाने का काम भाजपा की सरकार ने किया। भारतीय जनता पार्टी ने निःशुल्क नमक दिया। नमक बस्तर के स्वाभिमान से जुड़ा है। आदिवासियों को कोदो, कुटकी पेज, पसिया के सहारे जीवन यापन करना पड़ता था। भूख से मौत होती थी। एक बड़ा निर्णय लिया। भाजपा की सरकार के मुखिया के नाते गरीबों को 1 रुपये किलो चावल दिया तो उससे बड़ी कोई बात हो सकती है क्याड़ बस्तर अंधेरे में डूब गया था। हमने उजाला फैलाने इंतजाम किया। फिर कभी बस्तर में अंधेरा नहीं होने दिया। छत्तीसगढ़ में पलायन को रोकने के लिए गरीबों के जीवन में परिवर्तन लाने हमने गरीब परिवारों को 1 रुपये किलो चावल देने की योजना शुरू की। तेंदूपत्ता तोड़ने वालों के प्रति कांग्रेस सरकार की संवेदना नहीं है। हमने 1280 करोड रुपए बोनस दिया है। भूपेश बघेल बोनस खा गए हैं हमने चरणपादुकाएं दीं तो हमारा मजाक उड़ाया गया था। अपने माता बहनों के पैरों की सुरक्षा के तेंदूपत्ता तोड़ने वालों के लिए चरण पादुका दी। वह योजना कांग्रेस सरकार ने बंद कर दी।

## भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यसमिति असम में संपन्न



**ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी कुमार**

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक असम राजधानी गुवाहाटी में संपन्न हुई। भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्य समिति बैठक में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा, असम भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भाबेश केलिता, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष असम श्रीमती अंगूरलता डेका उपस्थिति रही। इस दौरान छत्तीसगढ़ भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष के शालिनी राजपूत नेतृत्व में भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य पूजा विधानी, महामंत्री द्वय विभा अवस्थी, चम्पादेवी पावले, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती मीनल चौबे डॉ संध्या तिवारी भी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक में शिरकत की।भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्य समिति बैठक बताया गया कि हमें केंद्रीय योजनाओं का लाभ ले रहे लाभार्थियों के साथ मिलकर लाभार्थी सम्मेलन करना है। नव मतदाता सम्मलेन के माध्यम से नए मतदाताओं से संपर्क करना सहित आगामी कार्य योजना को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान 10 राज्यों के विधायकों का प्रवास देश के भिन्न भिन्न राज्यों में किया गया। छत्तीसग? में भी महिला विधायकों का दो दिवसीय प्रवास किया गया।

# मध्य भारतीय हिन्दी साहित्य सभा ग्वालियर द्वारा 14 सितंबर को हिन्दी दिवस पर आयोजित होंगे अनेक कार्यक्रम

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**
**ग्वालियर।** मध्य भारती हिन्दी साहित्य सभा ग्वालियर के तत्वावधान में हिन्दी दिवस के अवसर पर÷ वर्तमान परिवेश में साहित्य का योगदान, अमृत काल÷ के संदर्भ में विषय पर संगोष्ठी सायं 5बजे से सभा भवन,दौलतगंज, लश्कर ग्वालियर में आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय पुस्तक न्यास दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर गोविंद शर्मा करेंगे। इस अवसर नगर के विद्वान साहित्यकार एवं गणमान्यजन उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में हिन्दी सेवी सम्मान डबरा के वरिष्ठ साहित्यकार रामगोपाल तिवारी ÷भावुक÷ को प्रदान किया जाएगा। अहिन्दी भाषी हिन्दी सेवी सम्मान साहित्यकार वेंकटेश बलवंत वाकडे को प्रदान किया जाएगा। इस के अतिरिक्त ÷आदर्श शिक्षक सम्मान÷ डॉ. अशोक मिश्रा एवं ÷आदर्श शिक्षिका सम्मान÷ डॉ शशिप्रभा पौराणिक को दिया जायेगा। सम्मानित होने वाले साहित्यकारों का परिचय इस प्रकार है।*श्री राम गोपाल भावुक का साहित्यिक अवदान एवं उनका कृतित्व।* श्री राम गोपाल तिवारी भावुक का जन्म 2 जून 1946को महाकवि भवभूति की कर्मस्थली पवाया के पास ग्राम सालबई ,जिला ग्वालियर में हुआ। हिन्दी साहित्य में में स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त करने वाले तिवारी जी की प्रकाशित कृतियों में ÷साम्राज्यवाद का विद्रोही÷ ,मंथन, ÷बागी आत्मा÷, ÷भवभूति ÷ , गूंगा गांव , ÷ एक और दमयंती÷, ÷ एकलव्य÷, ÷ महाकवि भवभूति ÷ ,÷शंबूक ÷, एवं ÷मूर्ति का रहस्य÷ उपन्यास हैं। कथा एक कथा संग्रह÷ दुलदुल घोड़ी÷ है। ÷ व्यंग गणिका ÷ नामक उनका एक कविता संग्रह भी है। उन्होंने ÷परंपरा परिवेश÷, ÷आभा÷ ,÷विजय स्मृति अंक ÷आस्था के चरण कनहर पद्मावत उत्सव काव्य कुंज आदि पुस्तकों का संपादन किया। ई पोर्टल मातृ भारती डॉट कॉम,प्रतिलिपि , शॉफी जैन केडीपी, पेंसिल डॉट कॉम पर उनके उपन्यास षोडश पंखी ,÷ सोलहवां साल÷ तथा यात्रा वृतांत ÷एक पांव रेल में ÷ व दर्जन भर व्यंग्य लेख तथा दो दर्जन शोध लेख और चार दर्जन भर समीक्षात्मक लेख पाठकों के बीच खूब चर्चित हैं। भावक जी को सन 1998 में ÷मानस सम्मान ÷तुलसी अकादमी भोपाल से प्राप्त हुआ ,तो गुजरात हिंदी विद्यापीठ अहमदाबाद का ÷शांति साधना सम्मान÷ सन् 2000 में मिला, उनके उपन्यास ÷गूंगा गांव÷ पर अखिल भारतीय समर स्मृति साहित्य




अलंकरण 2005 प्राप्त हुआ था। बाल वाटिका का पुरस्कार उनको सन 2012 में मिला था ,तो संस्था पूर्वा पर गोंडा से 2018 में ÷साहित्य श्री सम्मान÷ प्राप्त हुआ। ग्वालियर साहित्य संस्थान से कथा सम्राट ÷मुंशी प्रेमचंद÷ साहित्य सम्मान 2018 में उन्हें प्राप्त हुआ। उनके उपन्यास ÷रत्नावली÷ का पंडित गुलाम दस्तगीर मुंबई द्वारा संस्कृत में अनुवाद किया गया जो विश्व भाषा पत्रिका में प्रकाशित है ।जीवाजी विश्वविद्यालय से रामगोपाल तिवारी भावुक के कृतित्व पर 2012 में डोली ठाकुर द्वारा पी.एच.डी. की गई। इन दिनों स्वतंत्र लेखन कर रहे हैं। वेंकटेश बलवंत वाकड़े की लगभग से 15 काव्य रचनाएं , 20 लघु कथाएं, स्वदेश ÷दीपावली विशेषांक÷ में 2019 में प्रकाशित रचना। बृहद निबंध लेखन÷ पुनरुत्थान विद्यापीठ कांकरिया, अहमदाबाद, अनेक हिंदी अनुवाद, समीक्षाएं, अनेक शोधार्थियों का मार्गदर्शन , मराठी काव्य लेखन आदि आदि आपके साहित्यिक सृजन का अवदान है। डॉ अशोक मिश्रा शिक्षा एमबीबीएस, एमडी ,पीएचडी फैलोशिप इंडियन एसोसिएशन आफ प्रीवेंटिव एंड सोशल मेडिसिन ,मेंबर ऑफ़ नेशनल अकादमी आफ साइंसेज( एम एन ए एम एस )शैक्षणिक अनुभव आपका 32 वर्ष एवं कार्यानुभव , सेवा निवृत्त विभाग अध्यक्ष कम्युनिटी मेडिसिन विभाग गजराज चिकित्सा महाविद्यालय ग्वालियर एवं पूर्व संचालक एवं अधीक्षक जयारोग्य चिकित्सालय समूह ग्वालियर एवं पूर्व डॉक्टर ग्वालियर मानसिंह आरोग्य शाला , मुख्य उपलब्धियां में वर्ष 2010 से लगातार पोलियो उन्मूलन एवं टीकाकरण से सशक्तिकरण के राष्ट्रीय विशेषज्ञ एवं सलाहकार हैं।

डॉ शशि प्रभा पौराणिक द्वारा वृंदा सहाय शासकीय महाविद्यालय डबरा से स्नातक (बी ए), कमला राजा शासकीय कन्या महाविद्यालय ग्वालियर से मां एवं पीएचडी की। अनेक शोधार्थियों का मार्गदर्शन किया। लगभग 200 आर्टिकल का लेखन, हिंदी विभाग अध्यक्ष महारानी लक्ष्मीबाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय ग्वालियर सेवा में व्रत प्राध्यापक जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर में हिंदी अध्ययन मंडल की अध्यक्ष रहीं।

आपका सम्मान करते हुए शायद सभा गौरवान्वित होगी। इसके पश्चात काव्य संध्या का आयोजन किया जाएगा।

मध्यभारतीय हिन्दी साहित्य सभा के उपाध्यक्ष दिनेश पाठक एवं कार्यक्रम संयोजिका डॉ.पदमा शर्मा ने नवोदित साहित्यकारों सहित शहर के साहित्यकारों एवं साहित्य अनुरागियों को अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में सहभागिता करने हेतु आमंत्रित किया है।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478